''राष्ट्रीय हिंदी दैनिक अखबार''

# समाचार गेट

HARHIN11569

वर्ष 02, अंक 80 पृष्ठ 08 मूल्य 01 रूपए शनिवार, 22 मार्च 2025 samachargate@gmail.com

**जरूरी सूचना**

सुधी पाठकों को सूचित किया जाता है कि समाचार गेट के नाम पर अगर कोई पत्रकार आपसे पैसे की मांग करता है तो कृपया 9212339503 पर संपर्क करें। समाचार गेट में कार्य कर रहे पत्रकार सिर्फ वही हैं जिनके नाम से खबर छपती हैं।

## बजट आर्थिक विकास और आत्मनिर्भर हरियाणा की दिशा में एक मजबूत कदम : विपुल गोयल

### नायब सिंह सैनी द्वारा पेश बजट विकसित भारत–विकसित हरियाणा का रोडमैप : विपुल गोयल

**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** हरियाणा सरकार में राजस्व मंत्री विपुल गोयल ने नायब सिंह सैनी द्वारा पेश बजट को विकसित भारत–विकसित हरियाणा के संकल्प और गरीबों के सपनों को साकार करने वाला बताया। उन्होंने कहा कि यह बजट आर्थिक विकास और आत्मनिर्भर हरियाणा की दिशा में एक मजबूत कदम है। नायब सिंह सैनी ने विजनरी एवं प्रोग्रेसिव बजट पेश किया है जिससे प्रदेश के आर्थिक विकास के साथ जन जन का विकास भी होगा । यह बजट अन्त्योदय की कल्पना को साकार करने वाला बजट है ।इस बजट में आर्टिफिशियल टेक्नोलॉजी से लेकर हवाई जहाज तक यानि सभी संसाधनों का प्रावधान किया है, यह बजट विकसित भारत के साथ विकसित हरियाणा की कल्पना को साकार करने वाला बजट है । विपुल गोयल ने विकसित हरियाणा, समृद्ध हरियाणा और आत्मनिर्भर हरियाणा को ध्यान में रखकर बनाया गया, दूरदर्शी, सर्वसमावेशी, सर्व हितैषी बजट है । हरियाणा के राजस्व मंत्री विपुल गोयल ने प्रेस वार्ता कर हरियाणा सरकार के 2025–26 बजट में किये गए प्रावधानों को प्रेस के सामने विस्तृत रूप में सांझा किया ।इस प्रेस वार्ता में फरीदाबाद के नव निर्वाचित जिला अध्यक्ष पंकज पूजन रामपाल, बल्लभगढ़ के नव निर्वाचित जिला अध्यक्ष सोहनपाल सिंह, ज़िला महामंत्री सुरेन्द्र जांगड़ा, ज़िला मीडिया प्रभारी विनोद गुप्ता, मीडिया सह प्रभारी राज मदान आदि उपस्थित रहे।



मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी जी ने वित्त मंत्री के रूप में अपना 2.05 लाख करोड़ का पहला बजट प्रस्तुत किया, जो प्रदेश के इतिहास का अबतक का सबसे बड़ा बजट है। यह बजट सहभागितापूर्ण दृष्टिकोण एवं समावेशी निर्णय लेने के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है क्यूंकि इसमें आम जनमानस से लेकर विशेषज्ञों एवं बुद्धिजीवियों द्वारा प्राप्त किए गए लगभग 11,000 सुझावों को शामिल करने का प्रयास किया गया है। भाजपा सिर्फ घोषणा नहीं करती बल्कि संकल्प पत्र में किए गए वादों को पूरा करती है, 19 वादे पहले ही पूरे हो चुके हैं और 14 वर्तमान में प्रगति पर हैं। इस बजट की स्वीकृति के साथ, आगामी वित्तीय वर्ष में अतिरिक्त 90 वादे पूरे किए जाएंगे, जो हरियाणा के विकास की प्रगति को और भी अधिक तेजी से आगे बढ़ाएंगे। हरियाणा के कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने महिला एवं किसान हितैषी, लोक कल्याणकारी, सर्वहितकारी एवं सर्वस्पर्शी और नायाब हरियाणा का नायाब बजट बताया। श्री गोयल ने हरियाणा को भविष्य सक्षम हरियाणा एवं ऐ.आई (ढ्ढ) संचालित हरियाणा बताते हुए कहा कि हरियाणा को भविष्य सक्षम बनाने के लिए डिपार्टमेंट ऑफ फ्यूचर नाम से नया विभाग बनाने एवं डेटा आधारित नीति निर्धारण व गवर्नेंस ऑटोमेशन से जनता के लिए हरियाणा ढ्ढ मिशन की स्थापना करने की घोषणा की ।स्टार्टअप्स में निवेश को बढ़ाने के लिए सरकार निजी निवेशकों का 2000 करोड़ का एक फंड, युवा पीढ़ी को नशे से बचाने के लिए संकल्प प्राधिकरण का गठन, हरियाणा ओवरसीज एम्प्लॉयमेंट सेल और हरियाणा कौशल रोजगार निगम के माध्यम से युवाओं को अंतरराष्ट्रीय रोजगार दिलाना, प्रदेश की जी.डी.पी को 1 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुँचाने और हरियाणा में 50 लाख नए रोजगार उत्पन्न करने के लिए मिशन हरियाणा–2047 शुरू करने की घोषणा की ।

श्री गोयल ने कहा कहा कि बजट में ग्रामीण और कृषि अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के कई प्रावधान किये गए हैं जिनसे ग्रामीण और कृषि अर्थव्यवस्था मजबूत होगी । महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए लाडो लक्ष्मी योजना, जिसके तहत महिलाओं को हर महीने 2100 की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी, इसके लिए 5000 करोड़ का बजट प्रावधान किया गया है। प्रदेश में बागवानी को प्रोत्साहन देने के लिए जापान सरकार की सहायता से 2738 करोड़ रुपये की लागत से सतत बागवानी प्रोजेक्ट, लीची, स्ट्रॉबेरी और खजूर के लिए 3 नए उत्कृष्टता केन्द्रों की स्थापना, बागवानी उत्पादों का निर्यात बढाने के लिए हिसार एयरपोर्ट में एयर कार्गो गोदाम बनाने की घोषणा की है । हरियाणा सरकार कृषि एवं उससे जुड़े उद्योगों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है । गुरुग्राम में अति अत्याधुनिक फूल मंडी स्थापित की जाएगी।

हरियाणा सरकार शिक्षा और युवा सशक्तिकरण को नया आयाम देने के लिए हरियाणा के हर जिले में एक राजकीय महाविद्यालय को मॉडल संस्कृति महाविद्यालय के रूप में विकसित किया जाएगा। हर 10 कि.मी में नया मॉडल संस्कृति स्कूल खोलना, सीखते हुए कमाएं के तहत चयनित विद्यार्थियों को 6000 मासिक मानदेय, प्रदेश में कुल 9 आधुनिक मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य केंद्र स्थापित करना, हर जिला अस्पताल और सरकारी मेडिकल कॉलेज में 50 बैड का क्रिटिकल केयर ब्लॉक बनाना, ब्लड बैंक का आधुनिकीकरण करना, आयुष हर्बल पार्क स्थापित करना जिससे पारंपरिक चिकित्सा और प्राकृतिक उपचार को बढ़ावा मिलेगा। प्रदेश में एम.बी.बी.एस. की सीटों को 2185 से बढ़ाकर 2485 किया जाएगा। सबके लिए आवास' योजना के तहत आवास देना, प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत 31 मार्च 2027 तक 2,22,000 रूफटॉप सोलर पैनल स्थापित किये जायेंगे । गुरुग्राम में 5453 करोड़ रुपये की लागत से मिलेनियम सिटी सेंटर से साइबर सिटी तक 28.5 किलोमीटर लंबी मेट्रो लाइन का निर्माण किया जाएगा, जिससे परिवहन सुविधाओं में बदलाव आएगा। मेक इन इंडिया की तर्ज पर मेक इन हरियाणा कार्यक्रम शुरू करना, आई.एम.टी. खरखौदा की तर्ज पर 10 नई औद्योगिक मॉडल टाउनशिप (IMT) विकसित करना आदि महत्वपूर्ण प्रावधान किये गए हैं । फरीदाबाद से गुरुग्राम रैपिड मेट्रो चलाई जाने की घोषणा की गई है।

मीडिया कर्मियों के कल्याण के लिए कैशलेस मेडिकल ट्रीटमेंट की सुविधा दी जाएगी। मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना तथा महात्मा गांधी ग्रामीण बस्ती योजना के तहत विकसित की गई सभी कॉलोनियों में 200 करोड़ की लागत से बुनियादी सुविधाओं का विकास किया जायेगा, दिव्यांग व्यक्तियों के लिए मुफ्त बस यात्रा की सुविधा प्रदान की जाएगी । सभी प्रमुख शहरों में मल्टीलेवल पार्किंग का निर्माण किया जाएगा। हरियाणा के पांच प्रमुख जो टूरिस्ट कंपलेक्स है उनको पीपीपी मोड पर आगे देने का काम करेंगे जिससे पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, कामकाजी महिलाओं के हॉस्टल बनाने का प्रावधान किया गया है, सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस बनाने का काम हरियाणा की सरकार करेगी, सूरजकुंड क्राफ्ट मेला को 2 बार लगाने एवं दिवाली मेला लगाने का प्रावधान किया गया है । श्री गोयल ने कहा कि नायब सिंह सैनी ने 2 लाख परिवारों को राहत देने के लिए 2 लाख उद्योगों को एक कलम से राहत देने का काम किया है । श्री गोयल ने कहा कि बजट में किये गए प्रावधान राज्य के किसान, मजदूर, युवा, व्यापारी, वरिष्ठ और नारी के कल्याण के प्रति अटूट प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हैं।

## बकेट चैलेंज को जन जन द्वारा किया जा रहा है स्वीकार- नशा मुक्त हो जीवन और स्वस्थ रहे हर परिवार




**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**करनाल।** हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के पुलिस महानिदेशक श्री ओपी सिंह, भापुसे के दिशानिर्देशों से आज हरियाणा में बकेट चैलेंज के माध्यम से युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए निरंतर प्रेरित किया जा रहा है।

ब्यूरो के पुलिस अधीक्षक श्री मोहित हांडा, भापुसे और पुलिस अधीक्षक श्रीमती पंखुड़ी कुमार के नेतृत्व में यह कार्यक्रम सोशल मीडिया के माध्यम से भी जन जन तक पहुँच रहा है। इस कड़ी में आज राजकीय महिला महाविद्यालय घरौंड़ा में नशे के विरुद्ध अभियान चलाया गया। हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा महाविद्यालय पहुंचे और प्राचार्य डॉ. महेंद्र सिंह बागी की अध्यक्षता और नरेश सिंह, दीपा ढुल, नीरज, सुखराज, डॉ. विक्रम सिंह, रेणु कुमारी कि उपस्थिति में बकेट चैलेंज कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में जहाँ शिक्षकों ने भाग लिया तो दूसरी ओर छात्रों ने भी इस अभियान को स्वीकार करते हुए एक स्वर में कहा नशा मुक्त जीवन नायाब जीवन। दीपा ढुल ने कहा कि यह अभियान आज के समय में सबसे अधिक महत्वपूर्ण है।




## योगाचार्य जयपाल शास्त्री ने दी पतंजलि संगठन के विषय में जानकारी

**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** पतंजलि योगपीठ हरिद्वार एवं श्री माधव राष्ट्र सेवा समिति बल्लभगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में चल रहे योग चिकित्सा शिविर में योगाचार्य जयपाल शास्त्री ने पतंजलि के प्रकल्पों एवं जिला में कार्य कर रहे पतंजलि संगठन के विषय में जानकारी देते हुए सर्वाइकल, कमर दर्द, पेट संबंधी योगासन एवं कंधों के दर्द सम्बंधित योगासन कराए तथा योग साधकों को विभिन्न रोगों में उपयोगी यौगिक क्रियाओं को कराते हुए योग निद्रा का संगीतमय ध्यान कराया तथा विभिन्न रोगों को दूर करने में लाभकारी घरेलू चिकित्सा के विषय में बताया।



इस अवसर पर संघ के जिला बौद्धिक अध्यक्ष भाई संजय तिवारी ने कुटुंब प्रबोधन पर बहुत सारगर्भित विचार रखे तथा योग को प्रतिदिन करने की प्रेरणा दी। शिविर की सुन्दर व्यवस्थाओं में राजेंद्र गोयल जी, अमित जी, विशाल जी, अनिल कपूर, होरीलाल आदि महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। आज अटल पार्क सैक्टर 2 योग कक्षा से उदयपाल भाटी और रणवीर भाटी की विशेष उपस्थिति रही।

## लोक लुभावनी घोषणा कर हरियाणा को कर्ज में धकेल रही भाजपा सरकार : भूपेंद्र हुड्डा





### भरत मदान बने कांग्रेस व्यापार मंडल के वाइस चेयरमैन व सौरभ अग्रवाल बने गुडग़ांव के जिलाध्यक्ष

**समाचार गेट/संजय शर्मा**


**फरीदाबाद।** हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा व प्रदेशाध्यक्ष चौ. उदयभान की स्वीकृति से हरियाणा कांग्रेस व्यापार मंडल के चेयरमैन लखन सिंगला ने कांग्रेसी नेता भरत मदान को कांग्रेस व्यापार मंडल का प्रदेश वाइस चेयरमैन तथा सौरभ अग्रवाल को गुडग़ांव जिले का अध्यक्ष नियुक्त किया। श्री हुड्डा ने आज दिल्ली स्थित निवास पर दोनों पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र सौंपे और व्यापारियों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाने का आह्वान किया। इस दौरान लखन सिंगला विशेष रुप से मौजूद रहे। उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री चौ. भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि भाजपा की ट्रिपल इंजन की सरकार लोक लुभावनी घोषणाएं करके हरियाणा को कर्ज के बोझ तले दबा रही है। आज प्रदेश सरकार पर करीब पांच लाख करोड़ से ज्यादा का कर्जा हो चुका है, लेकिन सरकार के कानों पर जूं तक नहीं रेंग रही। उन्होंने कहा कि आज हर वर्ग इस सरकार की ज्यादती से परेशान है और यह सरकार जनभावनाओं के अनुरुप फैसले लेकर लोगों का शोषण करने में लगी हुई है। इस अवसर पर हरियाणा कांग्रेस व्यापार मंडल के नवनियुक्त वाइस चेयरमैन भरत मदान तथा गुडग़ांव जिलाध्यक्ष सौरभ अग्रवाल ने अपनी नियुक्ति पर पूर्व मुख्यमंत्री चौ. भूपेंद्र सिंह हुड्डा, प्रदेश प्रभारी बीके हरिप्रसाद, प्रदेशाध्यक्ष चौ. उदयभान, सांसद दीपेंद्र हुड्डा, चेयरमैन लखन सिंगला का आभार जताते हुए कहा कि पार्टी ने जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी है, उसे वह पूरी निष्ठा से निभाएंगे और व्यापारियों के हक–हकूक की आवाज को बुलंद करने का काम करेंगे। इस मौके पर हरियाणा कांग्रेस व्यापार मंडल के चेयरमैन लखन सिंगला ने भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि जीएसटी व नोटबंदी जैसे काले कानून लागू करके इस सरकार ने व्यापारियों व दुकानदारों के कामधंधे चौपट कर दिए है, हालात यह है कि व्यापारियों व दुकानदारों के समक्ष दो जून की रोटी के भी लाले पडने.लगे है, टैक्सों के बोझ तले दबे व्यापारी व दुकानदार भाजपा सरकार को सत्ता सौंप अपने आपका ठगा सा महसूस कर रहे है। उन्होंने कहा कि एक दौर कांग्रेस सरकार का भी था, जब हर तरफ खुशहाली थी और व्यापारी और दुकानदारों के धंधे फलफूल रहे थे, लेकिन ईवीएम में गडबडी करके इस सरकार में जनादेश का अपमान किया है, जनता समय आने पर इसका हिसाब लेगी। इस अवसर पर पूर्व चेयरमैन डालचंद डागर, चंद्रपाल, हरविंद गोयल, सुरेंद्र अग्रवाल सहित अनेकों गणमान्य लोग मौजूद थे।



# शक्ति थाई लड़कियों से समिट बिल्डिंग में परोसवाता था शराब

## फ्लैट पर चलाता था ऑन डिमांड स्पा, 90 दिन की टूरिस्ट वीजा पर भारत आती हैं


**लखनऊ।** के पॉश इलाके में हाई-प्रोफाइल देह व्यापार का धंधा चल रहा था। इसका अड्डा समिट बिल्डिंग और शक्ति हाइट्स था। आरोपी शक्ति सिंह थाईलैंड की लड़कियों को अपने फ्लैट में रखता था। इसके बाद उन्हें अपने अनप्लग्ड नाइट क्लब में भी काम करवाता था। यहां थाइलैंड की लड़कियां शराब परोसने का काम करती थीं। फ्लैट पर ऑन डिमांड स्पा पार्लर चलाती थी। इसके साथ ही क्लब में हाईप्रोफाइल ग्राहकों को रिझाने के लिए भी थाईलैंड से लड़कियां बुलाई जाती थीं। रेट फिक्स होने पर इनको भेजा जाता था। पुलिस के मुताबिक थाईलैंड की लड़कियां 90 दिन के टूरिस्ट वीजा पर भारत आती हैं। फिर यहां मसाज पार्लर, स्पा और नाइट क्लब में काम करने लगती हैं। वीजा खत्म होने पर एक हफ्ते के लिए वापस थाईलैंड लौट जाती हैं। इन्हीं में से कुछ थाईलैंड की लड़कियों को शक्ति सिंह भी अपने यहां बुलाता था। इसका खुलासा उसके शक्ति हाइट अपार्टमेंट में पकड़ी गईं 10 थाई लड़कियों ने किया है।लखनऊ में हाई-प्रोफाइल दलालों का गैंग एक्टिव पुलिस का कहना है कि इन लड़कियों को लखनऊ लाने के लिए हाई-प्रोफाइल दलालों का नेटवर्क एक्टिव है। जो इन्हें घूमने-फिरने का लालच देकर धंधे में शामिल करता है। शक्ति हाइट्स में छापेमारी के दौरान जिन लड़कियों को पकड़ा गया है, पुलिस उनके रजिस्टर और दस्तावेजों की जांच कर रही है। इसमें यह पता लगाया जा रहा है कि ये लड़कियां कितने समय से लखनऊ में रह रही थीं। शक्ति के रेंट एग्रीमेंट की जांच भी की जा रही है, ताकि पता चल सके कि शक्ति सिंह को इसकी जानकारी थी या नहीं।शक्ति सिंह फैजाबाद का रहने वाला है। वह प्राइवेट यूनिवर्सिटी से MBA किया। इसके बाद रियल एस्टेट का काम करने लगा। दिसंबर 2022 में 'श्री साईं रियल इन्फ्रा प्राइवेट लिमिटेड' नाम से कंपनी बनाया। इसके निदेशक साधना सिंह और शक्ति सिंह हैं। इस कंपनी के निवेशकों में कई रसूखदारों के भी नाम सामने आए हैं। शक्ति सिंह मल्हौर रोड पर बिना नक्शा पास कराए चार अपार्टमेंट बनाया। इसमें थाईलैंड की लड़कियों को रखता था। यहां अवैध गतिविधियां करवाई जाती थी। शक्ति सिंह के खिलाफ अवैध निर्माण और बिजली चोरी के भी कई मामले दर्ज हैं। पुलिस का दावा है कि शक्ति सिंह के खिलाफ पहले से भी कई आपराधिक मुकदमे चल रहे हैं। 2018 में महानगर थाने में 120B, 354A और 506 की धाराओं में मुकदमा दर्ज हुआ था। शक्ति हाइट्स अपार्टमेंट में मिनी क्लब जैसा माहौल बनाया। रात में फ्लैट से म्यूजिक की तेज आवाज आती। कुछ गेस्ट डेली आते थे। फ्लैट के अंदर से महंगे ब्रांड की विदेशी शराब की बोतलें भी बरामद हुईं।कई बार पड़ोसियों को शक हुआ, लेकिन शिकायत दर्ज नहीं कराई गई। जब मामला खुला, तो कई रहस्य सामने आ गए।शक्ति सिंह का सोशल मीडिया से बचाव जब पुलिस ने शक्ति सिंह को बयान दर्ज कराने के लिए बुलाया, तो उसने सोशल मीडिया पर सफाई देते हुए खुद को बेगुनाह बताया। उसने दावा किया- सभी फ्लैट रेंट पर दिए थे। किसी भी अनैतिक कार्य की जानकारी नहीं है। इधर पुलिस का कहना है कि शक्ति सिंह जो बयान दे रहा है अब तक उससे जुड़े कोई ठोस दस्तावेज उपलब्ध नहीं करा पाया है। शक्ति सिंह के राजनीतिक और प्रशासनिक महकमे में अच्छे कनेक्शन हैं। उसके क्लब और अपार्टमेंट में राजनीतिक रसूखदारों का पैसा लगा है। यही वजह है कि अब तक उसे पुलिस खुलकर गिरफ्तार नहीं कर पा रही है। हालांकि पुलिस की जांच इस समय शक्ति सिंह और उसके सफेदपोश संरक्षकों पर केंद्रित है।



## एक भारत श्रेष्ठ भारत, स्नेह मिलन कार्यक्रम



श्री प्रमोद कुमार
विधायक मोतिहारी पूर्वी चंपारण,
पूर्व मंत्री बिहार सरकार



श्री सूर्य प्रताप शाही
कृषि मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार

**संवाददाता**
**कुशीनगर।**
बिहार दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा शनिवार 22 मार्च को एक भारत श्रेष्ठ भारत, स्नेह मिलन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिसमें बिहार सरकार में पूर्व मंत्री व मोतिहारी के विधायक प्रमोद कुमार और उत्तर प्रदेश सरकार के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही तथा बिहार भाजपा आई टी विभाग के पूर्व प्रदेश संयोजक मुकुल सिंह जनपद में निवास करने वाले प्रवासी बिहारी समाज से संवाद करेंगे। उक्त जानकारी जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय के हवाले से जिला मीडिया प्रभारी विश्वरंजन कुमार आनन्द ने विज्ञप्ति के माध्यम से दी। उन्होंने बताया कि स्नेह मिलन कार्यक्रम अपराह्न 1 बजे से बेलवां चुंगी स्थित सृजन द गुरुकुल सभागार में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम की सभी तैयारी पूरी हो चुकी है। कार्यक्रम में शामिल होने के लिए प्रवासी विहारी समाज को आमंत्रित किया गया है।

## राष्ट्रीय लोकदल का कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित

**संवाददाता**
**कुशीनगर।**
राष्ट्रीय लोकदल की जनपद इकाई द्वारा पटवा मैरेज हॉल बोदरवार में कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित कर पार्टी की नीतियों की चर्चा की गई तथा जनपद में आ रहे विज्ञान एवं प्रद्यौगिकी मंत्री अनिल कुमार के स्वागत को लेकर पदाधिकारी और कार्यकताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई। कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए रालोद के प्रदेश सचिव सिया शरण पाण्डेय ने कहा कि रालोद गांव, गरीब और किसान की पार्टी है। चौधरी स्व. चरण सिंह और चौधरी स्व. अजीत सिंह के पदचिह्नों पर चलते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत सिंह आम जन को न्याय दिलाने का कार्य कर रहे हैं। पार्टी के कार्यकर्ता आम जन से जुड़े और उन्हें सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाने का कार्य करें। विशिष्ट अतिथि जिलाध्यक्ष देवरिया रामशंकर चौहान, भगवान दयाल विश्वकर्मा, मंडल अध्यक्ष चंद्र प्रकाश दूबे ने सांगठनिक पर बल दिया। अध्यक्षता करते हुए रालोद जिलाध्यक्ष विनोद प्रताप कुंवर ने कहा कि पार्टी जनपद में त्रिस्तरीय चुनाव जिला पंचायत, बीडीसी और प्रधानी मजबूती से लड़ेगी। इसके लिए प्रदेश के मंत्री का जिले में आगमन हो रहा है और बैठकर रणनीति बनेगी। आयोजक गणेश प्रसाद ने सभी का स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया। इस दौरान हरी कसेरा, श्रीनिवास गुप्ता, जिला सचिव कुलदीप, रामेश्वर लाल गौतम, जितेंद्र सिंहानिया, विश्वजीत दूबे, रामप्रीत पासवान, धर्मेन्द्र कुमार, राजमन, सुनैना देवी, रम्भा देवी, संगीता देवी, पुनीता देवी, ध्रुवतारा देवी, शीला देवी सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।



## आईटी मेट्रो स्टेशन स्थित दुकान में आग

**लखनऊ।** में महानगर स्थित आईटी मेट्रो स्टेशन के नीचे स्थित खिलौने की दुकान में शुक्रवार शार्ट सर्किट से आग लग गई। दुकान से धुआं निकलता देख दुकानदार और कर्मचारी शोर मचाते हुए बाहर निकले और दमकल को सूचना दी।मौके पर पहुंची चार दमकल की गाड़ियां ने एक घंटे में आग पर काबू पाया। इस दौरान महानगर से आईटी की तरफ जाने वाले ट्रैफिक को रोक दिया गया। घटना की दो तस्वीरें...आग से दुकान में रखे खिलौने और स्पोर्ट का सामान जल कर राख हो गया। आग बुझने के करीब आधे घंटे बाद ट्रैफिक को चालू किया गया।



## विश्व गौरैया दिवस पर रोटरी क्लब ने वितरित किए कृत्रिम घोंसले

**संवाददाता**
**कसया, कुशीनगर।** विश्व गौरैया दिवस के अवसर पर गुरुवार को कसया स्थित कलश गेस्ट हाउस में रोटरी क्लब कुशीनगर एवं रोटरी क्लब देवरिया सेन्ट्रल के संयुक्त तत्वावधान में एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करते हुए गौरैया के संरक्षण हेतु कृत्रिम घोंसले वितरित किए गए। संयोजक अर्चना फाउंडेशन एवं गौरैया संरक्षण एवं पर्यावरणविद् हिमांशु कुमार सिंह ने कहा कि गौरैया के संरक्षण के लिए हमें उसके अनुकूल वातावरण तैयार करना होगा। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे अपने घरों और आस-पास के क्षेत्रों में कृत्रिम घोंसले लगाएं और नियमित रूप से पक्षियों के लिए दाना-पानी की व्यवस्था करें। रोटरी क्लब कुशीनगर के अध्यक्ष वाहिद अली ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है। गौरैया पक्षी की घटती संख्या चिंता का विषय है, इसलिए हम सभी को इनके संरक्षण के लिए प्रयास करना चाहिए। क्लब के सचिव अजय सिंह ने बताया कि क्लब द्वारा आगे भी इस तरह के जागरूकता अभियान चलाए जाएंगे। लोगों को गौरैया संरक्षण हेतु प्रेरित किया गया तथा उन्हें घरों में व खुले स्थानों पर पानी और दाना रखने के लिए प्रोत्साहित किया गया। आयोजकों ने आशा व्यक्त की कि यह पहल गौरैया संरक्षण में सकारात्मक भूमिका निभाएगी। इस अवसर पर रोटरी क्लब देवरिया सेन्ट्रल के अध्यक्ष डॉ. विपिन बिहारी शर्मा, सचिव अजय सिंह, कोषाध्यक्ष दुर्गेश चतुर्वेदी, सहसचिव अखिलेश शर्मा, मीडिया प्रभारी अरुण वर्मा, समाजसेवी राजीव तिवारी, अमरेन्द्र नारायण सिंह, रंजीत श्रीवास्तव, वैभव राव, शिवजी जायसवाल, डॉ. मनोज मद्धेशिया, एस. एन. चतुर्वेदी एवं हेमंत गर्ग, अरूण मौर्या उपस्थित रहे।




## सह फसली खेती में किसान ने उगाए लाखों के टमाटर

**संवाददाता**
**कुशीनगर।** उत्तर प्रदेश गन्ना किसान संस्थान प्रशिक्षण केंद्र पिपराइच गोरखपुर द्वारा आयोजित कृषक प्रशिक्षण गोष्ठियों में गन्ने के साथ आलू, लहसुन, गोभी, टमाटर, प्याज, सरसों, मटर आदि का फोटो ग्राफ दिखाकर सहफसली खेती से लाभ की जानकारी ओमप्रकाश गुप्ता द्वारा दिया जा रहा है। किसानों द्वारा सह फसली खेती अपनाकर लाखों का लाभ कमाया जा रहा है। शुक्रवार को सुकरौली विकास खण्ड के ग्राम गानेशपुर में वसंतकालीन गन्ना बुवाई गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसके बाद प्रगतिशील गन्ना किसान मैनेजर सिंह के खेत पर जाकर गन्ने के साथ टमाटर की सहफसली खेती व गन्ना नर्सरी का अवलोकन किसान के खेत पर मिलिए कार्यक्रम के तहत पूर्व सहायक निर्देशक ओमप्रकाश गुप्ता औरबकिशनों ने व किसान की सहफसली की कहानी सुनिए उनकी जुबानी सुनी। किसान ने बताया कि 20 जनवरी को एक बिगहा टमाटर की रोपाई की गई। एक बिगहा के लिए प्रजाति सोमनीस अथरवा,1850 रुपए का 12 ग्राम का पैकेट खरीद कर नर्सरी गिराया। टमाटर रोपाई के 45 से 50 दिनों में तोड़ाई के लिए तैयार हो जाता हैं। एक पौधा से 12 से 15 किलो टमाटर निकलेगा। 12 ग्राम बीज के पैकेट से 3600 पौधा तैयार होता हैं। एक एकड़ गन्ने में 250 कुंतल टमाटर निकलेगा। पिछले वर्ष 265 कुंतल उपज मिला था। 20 रुपए किलो विक जाय तो 5 लाख का होगा। दस रुपया किलो बिकेगा तो ढाई लाख का होगा 400 से 500 कुंटल प्रति एकड़ को. 0118 गन्ना होगा। गन्ने की एक माह की नर्सरी तैयार है। दो दिन बाद रोपाई करेंगे। गन्ने में टमाटर होगा इस प्रश्न पर किसान सिंह ने बताया ढाढा चीनी मिल में हुई गोष्ठी में गन्ना संस्थान पिपराइच के पूर्व सहायक निर्देशक ने गन्ने के साथ सह फसली खेती की जानकारी मिली।
वह आलू, टमाटर, गोभी, लहसुन प्याज का फोटो दिखाकर बता रहे थे तो हमको टमाटर अच्छा लगा बोया हूं। चीनी मिल से छोटा ट्रैक्टर लिया हूं।
किसान को चीनी मिल के अधिशाषी अध्यक्ष करन सिंह ने कहा कि मैनेजर सिंह को सम्मानित मिल द्वारा सम्मानित किया जाएगा।



## झांसी के एटीएम बूथ में लगी आग

**झांसी।**
के सदर बाजार थाना क्षेत्र के बाटा चौराहा पर बने स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के एटीएम बूथ में गुरुवार को देर रात आग लग गई। स्थानीय लोगों ने आग की लपटें देखीं तो फायर ब्रिगेड को सूचना देकर मौके पर बुलाया। लगभग एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद फायर फाइटर्स ने आग पर काबू पा लिया। हालांकि आग से दोनों एटीएम पूरी तरह से जल गए।दरअसल, झांसी के सदर बाजार के बाटा चौराहा पर एसबीआई का एटीएम बूथ है। क्योंकि ये पॉश इलाका है तो ऐसे में यहां स्ट्रीट फूड व अन्य खाने-पीने की चीजों की दुकान देर रात तक खुली रहती हैं। गुरुवार को रात लगभग 10.10 बजे एटीएम बूथ में यहां सेर सपाटा करने आए लोगों ने आग जलते देखी। बूथ के अंदर लगी आग चंद मिनट में भीषण हो गई और उसकी लपटें आसमान में दिखने लगीं। इसी दौरान एक पार्लर संचालक ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी। मौके पर पहुंचीं फायर ब्रिगेड की चार गाड़ियों से एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका।



# हेंडीक्राफ्ट प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड द्वारा आयोजित हस्त शिल्प प्रदर्शनी में हो रही भारी भीड़

**संवाददाता**
**कसया, कुशीनगर।**
कार्यालय विकास आयुक्त (हस्तशिल्प), वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित एवं कुशीनगर हेंडीक्राफ्ट प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड द्वारा बिरला धर्मशाला परिसर में आयोजित हस्तशिल्प प्रदर्शनी एवं बिक्री केंद्र का अवलोकन हस्त शिल्प प्रसंवर्द्धन अधिकारी शेर सिंह ने किया। गुरुवार को हस्तशिल्प प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए हस्त शिल्प प्रसंवर्द्धन अधिकारी शेर सिंह ने प्रदर्शनी में हाथ से बने हुए कोशिया के सामान, वीड काफ्ट, वुड कारकिंग, ज्वेलरी, एव टेराकोटा को देखा। हस्त शिल्प प्रदर्शनी में ग्रामीण प्रतिभाओं ने सृजनशीलता के उम्दा नमूने पेश किए हैं। जिसकी उन्होंने सराहना करते हुए कि कहा कि प्रदर्शनी से स्थानीय हस्तशिल्प उत्पादकों को जहां मंच मिल रहा है साथ ही उन्हें रोजगार के अवसर के साथ हस्त कला के क्षेत्र में पहचान मिल रही है। सरकार हस्त शिल्प को बढ़ावा देने के लिए कई योजनाएं चला रही है। प्रदर्शनी में कुल 20 स्टॉल पर हस्तशिल्प कलाकृतियाँ प्रदर्शित की जा रही हैं। इनमें क्रोशिया कला, लकड़ी की नक्काशी, ज्वेलरी, ग्लास विंड क्राफ्ट, टेराकोटा, और अन्य हस्तशिल्प उत्पाद शामिल हैं।
निदेशक देशदीपक दुबे ने श्री सिंह का स्वागत किया और जानकारियां दी। प्रदर्शनी में युवा और ग्राहक उमड़ रहे है। इस मौके पर अवधेश प्रसाद, कुन्दन सिंह देश, प्रतिभा, सीमा, निशा, तवरेज आदि लोग रहे।



## संक्षिप्त डायरी

### गाजीपुर में घर से बुलाकर दो युवकों की हत्या

**गाजीपुर।** में दो युवकों की गोली मारकर हत्या कर दी गई। दोनों का शव गांव के बाहर एक बगीचे में मिला। दोनों शवों के बीच की दूरी 5 फीट थी। एक को माथे पर तो दूसरे की कनपटी पर गोली मारी गई थी। पुलिस पोस्टमॉर्टम के लिए शव को जब एम्बुलेंस से भेजने लगी तो ग्रामीणों ने रोक लिया। परिजन और ग्रामीण डीएम आर्यका अखौरी को बुलाने की मांग पर अड़ गए। इस बात पर पुलिस और ग्रामीणों में काफी देर तक नोकझोंक हुई। पुलिस ने किसी तरह लोगों को समझा बुझाकर शांत किया। छानबीन में मौके से तीन खोखे मिले हैं। जांच में सामने आया है कि दो बाइकों से लड़के गांव आए थे। वे दोनों युवकों को अपने साथ ले गए। बगीचे में उनकी गोली मारकर हत्या कर दी। फिलहाल वारदात का कारण नहीं पता चल सका है।मामला सैदपुर के उचौरी गांव का है। दोनों युवकों की पहचान अमन चौहान (20) और अनुराग सिंह (22) उर्फ धोनी के रूप में हुई है। पुलिस की पूछताछ में सामने आया कि अमन और अनुराग सिंह शुक्रवार की सुबह गांव में ही थे। सुबह दो बाइकों से दो युवक पहुंचे और अमन और अनुराग को अपने साथ लेकर चले गए। कुछ देर बाद लोगों ने मलदहिया बगीचे में कई राउंड गोली चलने की आवाज सुनी। फायरिंग की आवाज सुनकर लोग बगीचे की तरफ दौड़े तो वहां देखा कि अमन और अनुराग का खून से लथपथ शव पड़ा है। दोनों को बाइक से लाने वाले युवक फरार हो चुके थे। तत्काल मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। सीसीटीवी में एक बाइक पर तीन लोग जाते दिखेगांव के युवक ने बताया, उसकी दुकान में लगे सीसीटीवी में एक बाइक पर अमन और अनुराग के साथ एक युवक जाते हुए दिखा था। थोड़ी दूर जाने के बाद एक बाइक पर दो युवक और पीछे जाते हुए।स्थानीय ग्रामीणों ने बताया, दोनों युवक मौके से ऊंचौरी बाजार की तरफ मोटरसाइकिल से भाग गए। हत्या का कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं है। सूचना मिलते ही सीओ सैदपुर अनिल कुमार, खानपुर और सैदपुर पुलिस पहुंच गई। हत्या की वारदात के बाद पुलिस मौके पर जांच कर रही है।हत्याकांड के खुलासे के लिए चार टीमें लगीं रढ डॉक्टर ईरज राजा ने बताया, दोनों मृतक जान पहचान के लड़कों से मिलने आए थे। इसी दौरान यह घटना हुई। उन्हीं लड़कों ने उनकी हत्या की है। हत्या के कारणों का पता लगाया जा रहा है। सभी पहलुओं की जांच कर रहे हैं।कॉल डिटेल समेत कई चीजें हम जुटा चुके हैं। कुछ लोगों को चिह्नित किया गया है। इस हत्याकांड के खुलासे के लिए चार टीमें लगा दी गई हैं। क्राइम सीन को सिक्योर कर दिया गया है। पोस्टमॉर्टम के बाद क्लियर होगा की कितनी गोलियां लगी हैं।



### मेरठ सौरभ हत्याकांड, मुस्कान-साहिल को पुलिस शिमला लेकर जाएगी



**मेरठ।** यूपी के मेरठ में मर्चेंट नेवी अफसर सौरभ हत्याकांड में अब नए-नए खुलासे हो रहे हैं। पुलिस जांच में पता चला है कि वारदात के बाद जो मां आरोपी मुस्कान को थाने लेकर गई थी और उसे फांसी देने की मांग कर रही थी, वह मुस्कान की सौतेली मां है। उसके पिता ने मुस्कान की मां की मौत के बाद उसकी मौसी कविता रस्तोगी से शादी की है। आरोपी साहिल की मां की मौत करीब 16 साल पहले हो चुकी है। उसके पिता नीरज ने भी दूसरी शादी कर ली है। सौतेली मां से साहिल की नहीं बनती थी। इसलिए वह नानी के साथ रहता था। उसकी सौतेली मां नोएडा में रहती है। सौरभ के 4 टुकड़े करने के बाद मुस्कान और साहिल ने 15 दिन के लिए मेरठ से टैक्सी बुक की। इससे दोनों मेरठ से शिमला, मनाली और कसोल गए। पुलिस दोनों आरोपियों और टैक्सी चालक को लेकर जल्द उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश जाएगी। जहां-जहां साहिल और मुस्कान रुके थे, वहां जांच करेगी और लोगों से पूछताछ करेगी।मुस्कान ने बुजुर्ग को पिता बनाकर स्टोर से नींद की दवा खरीदी सिटी आयुष विक्रम सिंह ने बताया- मुस्कान ने जहां से चाकू, ड्रम और दवाएं खरीदी थीं, गुरुवार को वहां-वहां पर पुलिस गई और दुकानदारों से पूछताछ की। मेडिकल स्टोर संचालक अमित जोशी के मुताबिक, मुस्कान दुकान पर एक बुजुर्ग को लेकर आई थी।

### शैक्षिक उन्नयन संगोष्ठी एवं वार्षिक अधिवेशन हुआ संपन्न

**संवाददाता**
**कसया, कुशीनगर।** तहसील अंतर्गत बुधवार को पूर्व माध्यमिक विद्यालय करमैनी प्रेम वलिया के प्रांगण में उत्तर प्रदेश जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ जनपद कुशीनगर का शैक्षिक उन्नयन संगोष्ठी एवं वार्षिक अधिवेशन आयोजक मनोज कुमार सिंह के नेतृत्व में तथा मंडल अध्यक्ष ज्ञानेश्वर पांडेय की अध्यक्षता में संपन्न हुआ मुख्य अतिथि कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष संजय मणि त्रिपाठी एवं विशिष्ट अतिथि अतुल शुक्ला प्रांतीय संयुक्त मंत्री, राकेश श्रीवास्तव प्रांतीय सदस्य एवं विजय शंकर त्रिपाठी मंडलीय महामंत्री शिक्षक संघ रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा माल्यार्पण कर किया गया। मुख्य अतिथि कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष शिक्षक संघ ने कहा कि यही समय है कि हम सब संगठित हों और अपने आवाज को बुलंद कर संगठन एवं एकता के बल पर अपनी आवाज को ऊपर तक पहुंचाएं क्योंकि संगठन एवं एकता के ही बल पर शिक्षक हित सुरक्षित रहेगा ' संगठन में ऐसे ही लोगों को आगे आने तथा अपनी आवाज को बुलंद करने की आवश्यकता है। अध्यक्षता कर रहे मंडलाध्यक्ष शिक्षक संघ ज्ञानेश्वर पांडेय ने कहा कि संगठन में सभी साथी निश्चित रूप से पहरेदार के रूप में आपके साथ खड़े रहेंगे और कहीं से आप लोगों का शोषण नहीं होने पाएगा। चुनाव पर्यवेक्षक नीता यादव विनय पाठक शिक्षक संघ की देख-रेख में निम्न पदाधिकारी निर्वाचित हुए जो निम्न है मनोज कुमार सिंह जिलाध्यक्ष शिक्षक संघ, रामप्रसाद यादव, ज्ञान प्रकाश सिंह, बिंदु सिंह ,कमलेश प्रसाद उपाध्यक्ष संजय कुमार सिंह महामंत्री,संजय गुप्ता मंत्री, दिनेश यादव ,ध्रुवन्नारायण सिंह संयुक्त मंत्री दिनेश यादव ऑडिटर, ज्ञान सिंह लेखाकार रहे। अजेय कुशवाहा वरिष्ठ एआरपी को फूल मालाओं से स्वागत किया गया। संचालन प्रधानाध्यापक शैलेश कुमार त्रिपाठी ने किया। कार्यक्रम में अशोक कुमार पांडेय, विजय शंकर त्रिपाठी, अतुल कुमार शुक्ल ,राजीव मिश्र ,संजय राय डॉ वीरेंद्र कुमार त्रिपाठी, राजेश कुमार शुक्ला, वीरेंद्र मिश्र, हेमा त्रिपाठी सुनीता यादव, नागेंद्र त्रिपाठी , राज किशोर सिंह ,सुनील कुमार गुप्त, दुर्गेश सिंह नन्हे शाह, वकील सिंह, धर्मेंद्र गोड,अरुण वर्मा, प्रतिभा सिंह, सपना शर्मा, बिंदु सिंह, विभा गुप्ता, सुनीता सिंह आदि शिक्षक मौजूद रहे।



## संपादकीय

### मुस्लिम आरक्षण के मोह में कांग्रेस बनी धृतराष्ट्र

कांग्रेस ने शायद ठान ली है कि चाहे कुछ भी कीमत क्यों न चुकानी पड़े पर वोट बैंक के लिए मुसलमानों से प्रेम कम नहीं होने वाला। ऐसे ही कारणों से कांग्रेस न सिर्फ केंद्र की सत्ता से बल्कि ज्यादातर राज्यों में भी सत्ता से बाहर है। दूसरे शब्दों में कहें तो कांग्रेस के कथित मुस्लिम प्रेम ने भारतीय जनता पार्टी का सत्ता का रास्ता आसान कर दिया। कांग्रेस की इस नीति ने खुद को तो दरबदर कर ही दिया, इससे देश के मुसलमानों को नुकसान पहुंचाया। मुसलमानों को बेवजह देश के प्रति वफादारी जाहिर करने पर मजबूर होना पड़ा। भाजपा ने कांग्रेस के जरिए मुसलमानों को भी घेरने में कसर बाकी नहीं रखी। ऐसे में बेवजह राजनीति में घसीटे गए मुसलमानों की मुश्किलें बढ़ गई। मुसलमान कांग्रेस के दिखावटी वोट प्रेम का विरोध नहीं कर सके और भाजपा के निशाने पर आ गए।




**नरवीर यादव**
**कार्यकारी संपादक**

कांग्रेस ने कर्नाटक में मुसलमानों को 4 प्रतिशत आरक्षण देकर फिर से विवाद खड़ा कर दिया। ऐसा नहीं है कि कांग्रेस वाकई मुसलमानों का भला चाहती हो, यदि ऐसा ही होता तो मुस्लिम आबादी का बड़ा तबका आज देश के विकास में आगे होता। जबकि लंबे वक्त तक देश में कांग्रेस का शासन रहा है। कर्नाटक सरकार ने सरकारी टेंडर में अब टेंडर भरने वाले मुसलमानों को 4 प्रतिशत आरक्षण दे दिया। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कैबिनेट मीटिंग इस प्रस्ताव को मंजूर भी कर लिया। इससे एक करोड़ रुपये तक की निविदाओं में मुस्लिम ठेकेदारों के लिए 4 प्रतिशत आरक्षण का रास्ता साफ हो गया। कांग्रेस के इस फैसले से राजनीतिक तूफान खड़ा हो गया। कर्नाटक सरकार के इस निर्णय ने भाजपा को कांग्रेस और मुसलमानों के खिलाफ फिर से नया हथियार थमा दिया। भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस पर तुष्टीकरण की राजनीति करने का आरोप लगाया है। भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद ने कहा कि कर्नाटक सरकार द्वारा मुसलमानों के लिए 4 प्रतिशत आरक्षण का प्रस्ताव राहुल गांधी के पूर्ण संरक्षण में पारित किया गया है। हम यह पूरी जिम्मेदारी के साथ कह रहे हैं। लोकसभा में विपक्ष के नेता पर निशाना साधते हुए प्रसाद ने कहा कि कर्नाटक सरकार का कदम राहुल गांधी की मानसिकता को दर्शाता है। ऐसा नहीं है कि कर्नाटक के जरिए देशभर के मुसलमानों के प्रति मोहब्बत दर्शाने का कांग्रेस का यह पहला मौका है, इससे पहले भी कर्नाटक में मुस्लिमों के आरक्षण को लेकर विवाद रहा है। कर्नाटक की कांग्रेस सरकार ने आरक्षण का लाभ देने के लिए मुसलमानों को पिछड़ा वर्ग की लिस्ट में शामिल किया था। सरकार ने मुसलमानों को ओबीसी लिस्ट में जगह दी। हालांकि, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग ने सरकार के इस फैसले की आलोचना की थी। आयोग ने कहा था कि इस फैसले ने सामाजिक न्याय के सिद्धांत को कमजोर कर दिया है। साल 2011 की जनगणना के मुताबिक, कर्नाटक राज्य में मुस्लिम की जनसंख्या 12.32 फीसदी है और उसे राज्य में अल्पसंख्यक समुदाय का दर्जा हासिल है। मध्य प्रदेश की चुनावी रैली के दौरान पीएम मोदी ने कांग्रेस को ओबीसी समुदाय का सबसे बड़ा दुश्मन करार देते हुए कहा था कि एक बार फिर कांग्रेस ने पिछले दरवाजे से ओबीसी के साथ सभी मुस्लिम जातियों को शामिल करके कर्नाटक में धार्मिक आधार पर आरक्षण दिया है। विवाद बढ़ा तो कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कहा कि यह दावा करना कि कांग्रेस ने पिछड़े वर्गों से मुसलमानों को आरक्षण ट्रांसफर कर दिया, एक सरासर झूठ है। उन्होंने यह भी सवाल किया कि क्या पूर्व प्रधानमंत्री देवेगौड़ा अभी भी मुसलमानों के लिए कोटा के अपने समर्थन पर कायम हैं या नरेंद्र मोदी के सामने आत्मसमर्पण कर दिया है।

उत्तर प्रदेश में भी 2005 में मायावती सरकार ने 18 प्रतिशत मुस्लिम आरक्षण का प्रस्ताव रखा, लेकिन कोर्ट ने रोक दिया। सामाजिक और आर्थिक पिछड़ेपन के कारण आरक्षण का प्रावधान कानूनी है। इसकी भी सीमा है। सुप्रीम कोर्ट ने ५० प्रतिशत से अधिक आरक्षण के मामलों को खारिज किया है। इसके बावजूद राजनीतिक दलों का आरक्षण के प्रति लोभ संवरण कम नहीं हुआ। ऐसा नहीं है कि कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दल आरक्षण के जरिए वाकई मुसलमानों का भला चाहते हों, दरअसल इनकी नीयत में खोट है। यह खोट वोट बटोरने का है। क्षेत्रीय दलों का राजनीतिक दायरा एक या दो राज्यों से अधिक नहीं है, किन्तु कांग्रेस का नेटवर्क देशभर में है। ऐसे में मुस्लिमों के मुद्दों को लेकर कांग्रेस को सर्वाधिक राजनीतिक कीमत चुकानी पड़ी है। भाजपा ने इसी आधार पर वोटों का ध्रुवीकरण किया है। पता नहीं यह बात कांग्रेस को कब समझ आएगी कि देश के बहुसंख्यक वोट बैंक को नाराज करके देश की सत्ता किसी भी सूरत में हासिल नहीं की जा सकती। कांग्रेस जब तक तुष्टिकरण की नीति का त्याग नहीं करेगी, तब तक भविष्य में सत्ता तक पहुंचना उसके लिए आसान नहीं होगा।

## पीएमश्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय फिरोजपुर नमक में मनाया गया वार्षिक महोत्सव

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय फिरोजपुर नमक में मनाया गया वार्षिक महोत्सव कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसएमसी अध्यक्ष इमरान एवं गेटी प्रधानाचार्य डॉ संजय कुमार रहे । वार्षिक महोत्सव के इस कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय प्रधानाचार्य शमीम अहमद ने की। कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए विद्यालय प्रधानाचार्य शमीम अहमद ने बताया कि वार्षिक महोत्सव एक खास दिन होता है जो विद्यालय का वर्ष पूर्ण होने पर मनाया जाता है यह विद्यालय के भावुक क्षण होने के साथ-साथ गौरव की बात भी होती है। विद्यालय में छात्र और छात्रों के माता-पिता एवं अभिभावकों को भी बुलाया गया ताकि इस मौके को और यादगार बनाया जा सके। इस मौके पर विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए और स्पोर्ट्स मीट का भी आयोजन किया गया । मुख्य अतिथि एसएमसी अध्यक्ष इमरान ने छात्र-छात्राओं को पढ़ाई के प्रति प्रेरित किया एवं डॉ संजय कुमार ने बताया कि शिक्षा के क्षेत्र के साथ-साथ बच्चों की सांस्कृतिक कार्यक्रमों में और अन्य शैक्षिक कार्यक्रमों में इतनी ज्यादा भागीदारी देख कर ऐसा लगता है कि हमारे कदम प्रगति के पथ पर चल पड़े हैं। उन्होंने बच्चों के बोर्ड परीक्षाओं के अच्छे परीक्षा परिणाम की कामना की। छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। छात्राओं ने एकल नृत्य, कविता, पंजाबी गीत, समूह नृत्य ने ऐसा समा बांधा कि सभी दर्शक एवं बच्चे भी झूम पड़े और हौसला अफजाई के लिए बच्चों को ट्रॉफी भी वितरित की गई। प्रधानाचार्य ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम में स्टाफ सदस्य सीमा शर्मा, लक्ष्मी, राजबाला, कमल, रवीना, मनजीत, सुंदर सिंह, भूपेन्द्र, पवन, योगेश, हरिओम आदि मौजूद रहे।




## ग्राम पंचायत रोजका मेव में करोड़ों रुपए के घोटाला मामले के आरोपी पूर्व सरपंच दीन मोहम्मद उर्फ धोना को 2 दिन के पुलिस रिमांड के बाद जेल भेजा



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** हरियाणा के नूंह जिले की ग्राम पंचायत रोजकामेव में करोड़ों रुपए के घोटाला करने वाले पूर्व सरपंच दीन मोहम्मद उर्फ धोना को नारनौल पुलिस ने दो दिन पहले जिले के घुसपैठि से गिरफ्तार किया था। गिरफ्तार करने के बाद नारनौल पुलिस ने आरोपी को जिला अदालत में पेश किया था जिसके बाद जिला कोर्ट से पूर्व सरपंच को 2 दिन के रिमांड पर भेजा था। शुक्रवार को नारनौल पुलिस ने रिमांड अवधि पूरी होने के बाद फिर कोर्ट में पेश किया गया जहां कोर्ट ने पूर्व सरपंच को सुनाई के बाद जिला जेल भेज दिया गया।

जानकारी के मुताबिक नूंह के तत्कालीन जिला उपायुक्त धीरेंद्र खडगटा ने एचएसआईआईडीस के अधिकारियों, बैंक अधिकारियों, जिला राजस्व अधिकारी व रोजकामेव के पूर्व महिला सरपंच खातुनी और पूर्व सरपंच दीन मोहम्मद पर धोखाधड़ी, गबन सहित अन्य धाराओं के तहत पुलिस कार्रवाई करने के आदेश दिए थे। साथ ही तत्कालीन सरपंच दीन मोहम्मद को भी निलंबित भी कर दिया था। आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया गया। जिनमें कई आरोपियों की गिरफ्तारियां हो चुकी थी, लेकिन पूर्व सरपंच फरार चल रहा था।

**शिकायतकर्ता हाजी अर्जुन ने लगाई आईजी को शिकायत**

शिकायतकर्ता हाजी अर्जुन ने बताया कि राष्ट्रपति द्वारा गांव रोजका मेव को गोद लिया गया था। उस समय पूर्व सरपंच के द्वारा करीब 25 करोड़ों रुपए का घोटाला किया गया था। घोटाला उजागर होने के बाद सरपंच को पद से निलंबित कर दिया गया था। साथ ही नवंबर 2023 में सरपंच के खिलाफ मामला भी दर्ज किया गया था। लेकिन आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई। जिसके बाद उन्होंने करीब डेढ़ महीने पहले रेवाड़ी रेंज आईजी को शिकायत देकर आरोपी को गिरफ्तारी कराने की मांग की। आईजी द्वारा जांच नारनौल पुलिस को सौंप गई।

**ये था मामला**

जानकारी के अनुसार नवंबर 2023 में ग्राम पंचायत रोजकामेव को एचएसआईआईडीसी से प्राप्त कुल मुआवजा राशि 24 करोड़ 27 लाख 90 हजार 7 सौ 28 रुपए प्राप्त हुई थी। तत्कालीन सरपंच ग्राम पंचायत रोजका मेव के द्वारा एचएसआईआईडीसी के अधिकारियों, डीआरओ कार्यालय व बैंक अधिकारियों की मिलीभगत वे नियमों की अनदेखी करते हुए बिना खण्ड कार्यालय को सूचना दिए उक्त राशि को यूनियन बैंक झाडसा गुरूग्राम में सिंगल सिग्नेटरी से अपना ग्राम पंचायत का खाता खुलवा दिया गया। इसके पश्चात तत्कालीन सरपंच रमजान,उसके बाद सरपंच बनी खातूनी द्वारा समयसमय पर उक्त राशि में से अलग-अलग खातों और फर्मों को ट्रांसफर कर दिया गया तथा इसमें से कुछ राशि को स्वयं के द्वारा निकाल लिया गया।

गत अक्टूबर माह में एक सीएम विंडो के माध्यम से गबन की शिकायत समाने आई । जिसमें डीसी ने बीडीपीओ के माध्यम से जांच कराई । बीडीपीओ इंडरी द्वारा डीसी को भेजी गई जांच रिपोर्ट के अवलोकन से पाया गया है कि इस बारे में पूर्व सरपंचों व हाल सरपंच दीन मोहम्मद द्वारा भी चार्ज लेने के पश्चात इन खातों के संबंध में कोई जानकारी खंड कार्यालय को नहीं दी गई। कई बार पत्राचार करने के बावजूद भी पूर्व सरपंच खातुनी तथा हाल सरपंच दीन मोहम्मद ग्राम पंचायत रोजकामेव द्वारा जांच अधिकारी का कोई जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया तथा न ही हाल सरपंच दीन मोहम्मद के द्वारा ग्राम पंचायत रोजका मेव का रिकॉर्ड जांच हेतु प्रस्तुत किया गया। जिसके बाद तत्कालीन डीसी ने एचएसआईआईडीस के अधिकारियों, बैंक अधिकारियों, जिला राजस्व अधिकारी, रोज़कामेव के तत्कालीन सरपंच रमज़ान, महिला पूर्व सरपंच खातुनी और मौजूदा सरपंच दीन मोहम्मद पर धोखाधड़ी, गबन सहित विभिन्न धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज करवाई गई थी।

## सभी वर्गों को ध्यान में रख कर किया बजट पेश : सुरेंद्र सिंह पिंटू बाबा जिला अध्यक्ष भाजपा नूंह

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** नूंह आज हरियाणा प्रदेश के बजट को लेकर नवनियुक्त जिला अध्यक्ष सुरेंद्र पिंटू बाबा ने जिला कार्यालय झिर कमल नूंह पर एक प्रेसवार्ता की।




जिला अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह ने कहा कि भाजपा पार्टी और मुख्यमंत्री नायब सैनी ने सभी वर्गों को ध्यान में रखते हुए अपना बजट पेश किया है। उन्होंने कहा कि हरियाणा के सभी जिलों की भांति नूंह जिले को भी अग्रणी जिला बनाया जा रहा है। नूंह जिले में लगातार विकास हो रहे है वो चाहे सड़के हो चाहे स्वास्थ्य विभाग। उन्होंने कहा नूंह में शिक्षा का स्तर जल्द बढ़ाया जाएगा उन्होंने कहा कि जल्द ही जिले में यूनिवर्सिटी बनाई जाएगी इसके लिए सरकार प्रयासरत है। ओर जिले में एक स्पेशल जज्बा बच्चा केंद्र भी खोला जाएगा ।

पूरे प्रदेश में हर 10 किलोमीटर के दायरे में एक नया मॉडल संस्कृति स्कूल खोला जाएगा और 615 राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों में विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग एवं गणित (स्ज्ञश्वरू) लैब स्थापित की जाएंगी। हर जिले में उद्यमिता प्रतियोगिताएं आयोजित करने व चयनित टीमों को व्यवसायिक मॉडल के लिए एक लाख रुपये की राशि दी जाएगी। प्रदेश के सभी 197 राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालयों एवं सभी 250 पीएम श्री विद्यालयों में ई-पुस्तकालयों का निर्माण किया जाएगा। महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों में अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए 20 करोड़ रुपये के प्रारंभिक आवंटन से हरियाणा राज्य अनुसंधान कोष बनाया जाएगा राजकीय विश्वविद्यालयों में स्थित महाविद्यालयों में बी.एस.सी. कोर्सिज में पढ़ रही लड़कियों की ट्यूशन फीस माफ की जाएगी। मुख्यमंत्री कौशल पदक सम्मान विजेता योजना के तहत विश्व कौशल ओलंपिक में हरियाणा के पदक विजेताओं को 10 लाख रुपये का नकद पुरस्कार दिया जाएगा। प्रत्येक जिले में एक राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालय को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस इन स्पोर्ट्स और एक अन्य विद्यालय को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस इन स्किल्स के रूप में विकसित किया जाएगा।10वीं से 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए हर वर्ष हरियाणा मैथ ओलंपियाड आयोजित करवाया जाएगा। 1497 राजकीय विद्यालयों में सुरक्षा निगरानी के लिए सी.सी. टी.वी. कैमरे लगाए जाएंगे।हर जिले में एक राजकीय महाविद्यालय को मॉडल संस्कृति महाविद्यालय के रूप में विकसित किया जाएगा। विज्ञान और इंजीनियरिंग में स्नातक और स्नातकोत्तर की पढ़ाई करने वाली छात्राओं को एक लाख रुपये वार्षिक तक छात्रवृतियां देने के लिए कल्पना चावला छात्रवृति योजना शुरू की जाएगी। युवाओं में रोजगार क्षमता बढ़ाने के लिए सीखते हुए कमाएं मॉडल लागू किया जाएगा और चयनित प्रत्येक विद्यार्थी को 6000 रुपये का मासिक मानदेय दिया जाएगा। नूंह जिले में भी ओर जिलों की तर्ज पर विकास किया जाएगा। नूंह जिले को विकास से पीछे नहीं छोड़ा जायेगा।

### चौधरी ज़ाकिर हुसैन ने नवनियुक्त जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र पिंटू को दी मुबारकबाद




**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** शुक्रवार को भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं हरियाणा वक्फ़ बोर्ड के प्रशासक चौधरी ज़ाकिर हुसैन पूर्व विधायक व उनकी धर्मपत्नी नसीमा हुसैन एडवोकेट ने भाजपा कार्यालय, नूँह पर नवनियुक्त भाजपा जिलाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह पिंटू से मिलकर उन्हें बधाई व शुभकामनाएं दीं। ज़ाकिर हुसैन पूर्व विधायक ने नवनियुक्त जिला महामंत्री जतिन बुसरी को भी मुबारक़बाद देते हुए कहा कि सुरेन्द्र सिंह पिंटू एक ईमानदार, संघर्षशील व पार्टी के बहुत वफादार कार्यकर्ता हैं। उन्हें दायित्व मिलने से नूँह जिले में पार्टी को ओर भी ज्यादा मजबूती मिलेगी।

## सुरेन्द्र सिंह को जिला अध्यक्ष बनाए जाने पर जताया आभार






**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** उजीना के सुरेंद्र सिंह पिंटू को जिला नूँह का भाजपा का जिला अध्यक्ष पद से सुशोभित किये जाने से नूँह ( मेवात) के कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर व्याप्त है। सर्वजातीय सेवा समिति के उपाध्यक्ष रजत जैन व नितिन दुबे ने सुरेंद्र सिंह को जिला अध्यक्ष पद से सुशोभित किये जाने पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, गृहमंत्री अमित शाह,भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बडोली,व प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह, का आभार प्रकट करते हुए कहा है की इन्होंने जो सुरेन्द्र सिंह पर अपना विश्वास जताया है वे इस विश्वास पर पूरे उतरेंगे और जिला नूँह के विकास को एक नई दिशा प्रदान करेगे। जो जिला नूँह के विकास में ही नहीं अपितु के प्रदेश के विकास में मिल का पत्थर साबित होंगा। वो सभी कार्यकर्ताओं को साथ लेकर चलेंगे ओर पार्टी को मजबूती प्रदान करेंगे उनके जिला अध्यक्ष बनने से जिला नूँहू में पार्टी अब पहले से और अधिक मजबूत होगी। सरकार व पार्टी की नीतियां जन-जन तक तेजी से पहुंचेंगी। जिससे कि प्रत्येक व्यक्ति को सरकार की नीतियों का लाभ पारदर्शिता से जल्दी-जल्दी मिल सके।

## देवतुल्य आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज को भारत रत्न देने की मांग



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** देवतुल्य,युगपुरुष,युगदृष्टा, अहिंसा प्रवर्तक,राष्ट्रसंत ,संत शिरोमणि,आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी मुनिराज के देवलोक गमन होने के पश्चात भारत के सर्वोच्च सम्मान भारतरत्न देने की मांग जोर पकडने लगी है। समाजसेवी व पूर्वअध्यक्ष रजत जैन नगीना ने उपरोक्त विचार प्रकट करते हुए बताया आचार्य विद्यासागर केवल मात्र जैन धर्म के अनुयायियों के ही संत नहीं बल्कि समस्त विश्व के संत थे ।उन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत को एक धार्मिक पहचान दिलाने का भी कार्य किया। रजत जैन ने आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज को भारत रत्न देने की उपाधि की मांग करते हुए बताया की उनका जन्म 10 अक्टूबर 1946 को हुआ था। 18 फरवरी 2024 को आचार्य श्री विद्यासागर जी का समाधि मरण हो गया ।आचार्य श्री ने अपना सारा जीवन अहिंसा के प्रचार प्रचार में लगा दिया उनके जीवन का उद्देश्य केवल मात्र जीवमात्र के कल्याण, पर्यावरण संरक्षण, धार्मिक व वैश्विक शिक्षा के प्रसार प्रचार,,के प्रति समर्पित रहा उनकी प्रेरणा से अनेकों गौशालाओं का निर्माण करवाया गया तथा हथकरघा उद्योग को भी बढ़ावा मिला। शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए उनकी प्रेरणा से कई स्कूलों व गुरुकुलों की स्थापना भी की गई जिससे की व्यक्ति शिक्षा ग्रहण कर राष्ट्र के निर्माण व विकास में अपना पूर्ण योगदान दे सके। रजत जैन की मांग हैं की देवलोकगगन के पश्चात आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज को देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी को भारत के सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न देखकर सम्मानित करना चाहिए।

## ध्यानार्थः

हिन्दी दैनिक समाचार गेट एंव city24news.in द्वारा कवरेज की गई आपकी खबरों को आप यहां नीचे दिए गए लिंक पर क्लिक करके भी देख सकते हैं।

अगर आप हिन्दी दैनिक समाचार गेट की प्रिंट कॉपी लेना चाहते हैं तो आप फरीदाबाद ओल्ड रेड लाइट पर न्यूज पेपर स्टॉल से एंव गोपाल न्यूज पेपर एजेंसी अंबेडकर चौक बल्लभगढ से प्राप्त कर सकते हैं।

न्यूज पोर्टल पर देखने के लिए इस लिंक पर क्लिक करें
https://city24news.in/

फेसबुक पर देखने के लिए इस लिंक पर क्लिक करें
https://www.facebook.com/city24news.in

ई-पेपर देखने के लिए इस लिंक पर देखें
https://city24news.in/e-paper

आप अपनी खबर अथवा सूचना भेजने के लिए
samachargate@gmail.com
या 9818180269 पर भी भेज सकते हैं।

## घर से कॉलेज जाने के लिए निकली छात्रा हुई लापता

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** कनीना सिटी पुलिस थाना अंतर्गत एक गांव से युवति गायब हो गई। इस बारे में सत्यवान नामक व्यक्ति ने पुलिस को दी षिकायत में कहा कि उसकी पुत्री 18 मार्च को सुबह दस बजे कनीना कॉलेज जाने के लिए घर से निकली थी। जो देर तक घर नहीं घर नहीं पंहची। पजिनों ने अपने स्तर उसकी खोजबीन की। उसका मोबाईल फोन स्विच ऑफ मिला। परिजनों ने दीपक वासी जगवास, राजस्थान पर छात्रा को अज्ञात स्थान पर रखने का संदेह जताया है। पुलिस ने छात्रा की गुमशुदगी का केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

## कनीना के उप नागरिक अस्पताल में कल आयोजित होगा रक्तदान शिविर

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** शहीद भगत सिंह के बलिदान दिवस पर आगामी 23 मार्च को कनीना में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जायेगा। इस समारोह के मुख्यातिथि भाजपा के जिला अध्यक्ष यतेंद्र राव मुख्यातिथि होगें वहीं अध्क्षता जनशक्ति विकास संगठन के प्रधान दीपक वशिष्ठ की रहेगी। उपनागरिक अस्पताल कनीना में आयोजित होने वाले इस रक्तदान शिविर में सैंकडों युवाओं द्वारा पंजीकरण करवाया जा चुका है। इस शिविर में रैडक्रॉस सोसायटी नारनौल एवं उपनागरिक अस्पताल कनीना में कार्यरत स्टाफ का योगदान रहेगा। संगठन के संचालक दीपक वशिष्ठ ने बताया कि यह रक्तदान शिविर शहीद भगत सिंह, राजगुरू व सुखदेव की संवेदना को समर्पित होगा। रक्तदाताओं को रैडक्रॉस सोसायटी तथा सामाजिक संगठन की ओर से प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। रक्तदान शिविर के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है।

'राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
**समाचार गेट**
को TITLE CODE : HARHIN11569
**आवश्यकता है**
- हरियाणा के प्रत्येक जिले में ब्यूरो चीफ
- उपमंडल व ब्लॉक स्तर पर संवाददाता
- ग्रामीण संवाददाता
- फोटोग्राफर
- विज्ञापन प्रतिनिधि

इच्छुक युवक-युवती अपना बायोडेटा मेल करें-
samachargate@gmail.com
Cont.: 9212339503

## संक्षिप्त समाचार

### तुर्किये में राष्ट्रपति के प्रतिद्वंद्वी भ्रष्टाचार में गिरफ्तार

**अंकारा, एजेंसी।** तुर्किये पुलिस ने बुधवार को इस्तांबुल के मेयर एक्रेम इमामोगलू और कई अन्य प्रमुख हस्तियों को कथित भ्रष्टाचार व आतंकवाद से संबंधित मामलों की जांच के तहत गिरफ्तार कर लिया है। इमामोगलू देश में विपक्ष के नेता हैं और राष्ट्रपति रजब तैयब अर्दोऑन के प्रमुख प्रतिद्वंद्वी भी हैं। माना जा रहा है कि यह कार्रवाई तुर्किये में विपक्ष की उठती आवाजों के खिलाफ सरकार की बढ़ती घटनाओं का एक हिस्सा है। अभियोजकों ने मेयर समेत करीब 100 अन्य लोगों के लिए हिरासत वारंट जारी किया है। इसके खिलाफ प्रदर्शनों पर भी रोक लगा दी गई है। गिरफ्तारियां इस्तांबुल के मेयर एक्रेम इमामोगलू के घर की तलाशी के बाद हुईं।

### पेरू में हिंसा बढ़ने पर सेना ने संभाला मोर्चा आपातकाल लगाया

**लीमा, एजेंसी।** पेरू की राष्ट्रपति ने एक लोकप्रिय गायक की हत्या के एक दिन बाद शुरू हुई व्यापक हिंसा के बीच राजधानी में आपातकाल की घोषणा की गई और हिंसा की बढ़ती घटनाओं से निपटने में पुलिस की मदद के लिए सैनिकों की तैनाती का आदेश दिया। राष्ट्रपति डीना बोलुआर्टे की सरकार ने एक आदेश में कहा, आपातकाल 30 दिन रहेगा। इस दौरान सभा, आंदोलन समेत विभिन्न गतिविधियों पर प्रतिबंध रहेगा। यानी पुलिस और सेना न्यायिक आदेश के बिना लोगों को हिरासत में ले सकती है।

### निर्वासन के बाद अमेरिकी बंदी ट्रैकिंग सिस्टम से अप्रवासी गायब

**वाशिंगटन, एजेंसी।** डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति बनने के बाद बीते दो महीने में बड़ी संख्या में लोगों को अमेरिका से निर्वासित किया गया है। इसी बीच एक हैरान करने वाली खबर आई है। टेक्सास में संघीय हिरासत केंद्र से 26 वर्षीय नाई फ्रेंको कैराबेलो और दर्जनों अन्य वेनेजुएला प्रवासियों को सफेद कपड़े पहनाए गए। हथकड़ी लगाकर विमान से इन सबको साल्वाडोर ले जाया गया। दर्जनों लोगों के इस मामले में हैरान करने वाला पहलू ये है कि निर्वासन के 24 घंटे बाद कैराबेलो का नाम अमेरिकी आव्रजन एवं सीमा शुल्क प्रवर्तन के ऑनलाइन बंदी लोकेटर से गायब हो गया। ट्रंप प्रशासन ने काराबालो पर वेनेजुएला के ट्रेन डी अरागुआ गिरोह से संबंधित होने का आरोप लगाया है। हालांकि, उनकी पत्नी जोहानी सांचेज को पता चला कि काराबालो को भी अल साल्वाडोर भेजा गया है, लेकिन उनके पति किसी गिरोह के सदस्य नहीं हैं।

### परिवार की हत्या करने वाले ब्रिटिश किशोर को 49 साल की जेल

**लंदन, एजेंसी।** 19 साल के ब्रिटिश किशोर को अपनी मां और दो छोटे भाई-बहनों की गोली मारकर हत्या का दोषी पाया गया है। एक हाई-प्रोफाइल स्कूल में गोलीबारी करने की साजिश रच रहे इस किशोर को कम से कम 49 साल की जेल की सजा होगी। इस अवधि में उसे पैरोल भी नहीं मिलेगी। ल्यूटन क्राउन कोर्ट में सजा पर सुनवाई के दौरान, न्यायमूर्ति बॉबी चीमा-ग्रब ने कहा कि उन्होंने निकोलस प्रॉस्पर को आजीवन कारावास की सजा देने पर विचार किया था। हालांकि, गोलीबारी के समय वह 18 वर्ष का था। उसने अपना अपराध स्वीकार कर लिया इसलिए उसे आजीवन कारावास की सजा नहीं हुई। पिछले महीने एक सुनवाई के दौरान प्रोस्पर ने अपनी मां जुलियाना फाल्कन (48), और अपनी 13 वर्षीय बहन गिजेल प्रोस्पर तथा 16 वर्षीय भाई काइल प्रोस्पर की हत्या का अपराध कबूला था। 13 सितंबर, 2024 को हुई हत्या के दौरान प्रोस्पर ने अपने भाई पर भी 100 से अधिक बार चाकू से वार किया था।

### बीएलए ने खत्म किया दर-ए-बोलन अभियान, कहा- पाकिस्तानी सेना हार छिपाने के लिए बोल रही है झूठ

**क्वेटा, एजेंसी।** बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने पाकिस्तानी सेना पर अपनी हार को छिपाने के लिए झूठ और धोखे का सहारा लेने का आरोप लगाते हुए दर-ए-बोलन अभियान के सफल समापन की घोषणा की। उसने कहा, अभियान में दो भाग शामिल थे, पहला चरण फरवरी 2024 में माच शहर पर कब्जे के साथ पूरा हुआ, जबकि दूसरा चरण मार्च 2025 में जालर एक्सप्रेस ट्रेन के अपहरण और हमले के साथ शुरू हुआ। बीएलए ने कहा कि अभियान में पाकिस्तानी सेना को हार का सामना करना पड़ा क्योंकि उसके 354 से अधिक सुरक्षाकर्मी मारे गए, जबकि 100 से अधिक अन्य घायल हो गए और 214 कर्मियों को बंधक बना लिया गया। उसने कहा, दुश्मन के हठ और युद्धबंदियों के आदान-प्रदान से इन्कार करने के कारण सभी बंधकों को मार दिया गया। एक बयान में, बीएलए ने खुद को अपनी भूमि की ताकत पर एक अजेय शक्ति बताया। बलोचों के इस गुट ने कहा, तथ्य यह है कि बीएलए अपनी भूमि, लोगों और सार्वजनिक समर्थन की ताकत पर एक अजेय शक्ति बन गई है। हमारा प्रतिरोध बलोचों के राष्ट्र की सामूहिक शक्ति की अभिव्यक्ति है, जिसे किसी बाहरी मदद की आवश्यकता नहीं है। बता दें कि बीते 11 मार्च मंगलवार सुबह 9 बजे क्वेटा से पेशावर के लिए रवाना हुई जफर एक्सप्रेस को बीएलए के लड़ाकों ने दोपहर 1:30 बजे सिब्बी रेलवे स्टेशन से पहले अपने कब्जे में ले लिया था। लड़ाकों ने बोलान में माशफाक टनल के पास रेल पटरी उड़ा दी थी और ट्रेन के रुकते ही उस पर कब्जा कर लिया था। बीएलए ने 30 पाकिस्तान सैनिकों को मार गिराने का दावा किया था।

# इजराइल ने गाजा में टैंक उतारे, जमीनी हमले शुरू

## रक्षामंत्री काट्ज बोले- बंधक नहीं लौटाए तो हमास को पूरी तरह बर्बाद कर देंगे

**तेल अवीव, एजेंसी।** इजराइल ने गाजा में एक बार फिर से टैंक उतारकर जमीनी हमले शुरू कर दिए हैं। इजराइली डिफेंस फोर्स (आइडीएफ) के मुताबिक उसने गाजा पट्टी के सेंट्रल और साउथ के हिस्सों में ग्राउंड ऑपरेशन चालू किया हैं। ढ्ढष्ठस्न के इस ग्राउंड ऑपरेशन का मकसद नॉर्थ और साउथ गाजा के बीच एक बफर जोन बनाना और इजराइल बॉर्डर से लगे सिक्योरिटी जोन का विस्तार करना है।



नॉर्थ और साउथ गाजा को अलग करने वाले नेतजारिम कॉरिडोर में आइडीएफ की 252वीं डिवीजन के सैनिक दाखिल हो गए हैं। इसके आधे से ज्यादा इलाके पर सेना ने कब्जा भी कर लिया है। दूसरी तरफ रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज ने बंधकों को नहीं लौटाने पर हमास को पूरी तरह बर्बाद करने की धमकी दी है।

**नेतन्याहू के खिलाफ यरुशलम में प्रदर्शन, 12 गिरफ्तार :** बुधवार रात यरूशलम में नेतन्याहू के खिलाफ हजारों लोग सड़क पर प्रदर्शन करने उतरे। ये प्रदर्शनकारी इजराइली खुफिया एजेंसी शिन बेट के चीफ रोनन बार और अटॉर्नी जनरल गली बहाराव-मियारा को पद से हटाने और गाजा में दोबारा जंग शुरू करने के फैसले का विरोध कर रहे थे। इस दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच झड़प भी हुई। पुलिस ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए वाटर कैनन से पानी की बौछार की। सड़कें जाम करने के आरोप में पुलिस ने 12 लोगों को गिरफ्तार भी किया है।

अटॉर्नी जनरल गली बहाराव-मियारा ने शिन बेट के चीफ रोनन बार को हटाने के फैसले को अवैध करार दिया था। इसके बाद नेतन्याहू ने मियारा को भी पद से हाटने का फैसला किया है। नेतन्याहू पर आरोप है कि वो रोनन को इसलिए हटाना चाहते हैं, जिससे हमास और कतर के साथ नेतन्याहू के सहयोगियों की गुप्त डील की जांच रोकी जा सके। टाइम्स ऑफ इजराइल की रिपोर्ट के मुताबिक इजराइल की खुफिया एजेंसी मोसाद के पूर्व चीफ तामिर पारदो ने नेतन्याहू को देश की सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा बताया है। इजराइल ने गाजा में हमास के प्रधानमंत्री इस्साम दिब अब्दुल्ला अल-दालीस को मार गिराया है। इजराइल डिफेंस फोर्सेस ने बुधवार को अब्दुल्ला की मौत की पुष्टि की। अब्दुल्ला ने जुलाई 2024 में रूही मुश्ताहा की मौत के बाद उसकी जगह ली थी। अब्दुल्ला गाजा में हमास की सरकार चलाता था। उसके पास हमास के संगठन और लड़ाकों की गतिविधियों की जिम्मेदारी भी थी। पिछले 24 घंटे में इजराइल ने हवाई हमलों में हमास के 3 बड़े आतंकियों को भी मार गिराया है। इनमें हमास के कमांडर और पॉलिटिकल लीडर महमूद मारजूक अहमद अबू-वत्फा, बहजत हसन मोहम्मद अबू-सल्तान और अहमद ओमर अब्दुल्ला अल-हाता शामिल हैं।

**इजराइली रक्षामंत्री बोले- गाजा में नरक के दरवाजे खोल देंगे :** इजराइल के रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज ने मंगलवार को हमास को चेतावनी देते हुए कहा था कि अगर बंधकों को रिहा नहीं किया तो गाजा में नरक के दरवाजे खोल देंगे। हमास ने इजराइली हवाई हमलों को सीजफायर का उल्लंघन बताया। हमास ने धमकी दी है कि इस कदम से उसकी कैद में मौजूद इजराइली बंधकों की जान खतरे में आ गई है। हमास ने कहा कि इजराइल ने बिना किसी उकसावे के हमले किए हैं। इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि उन्होंने यह हमले इसलिए कराए क्योंकि सीजफायर पर हो रही बातचीत आगे नहीं बढ़ रही थी। नेतन्याहू कई बार फिर से जंग शुरू करने की धमकी दे चुके हैं। इजराइल ने पिछले दो हफ्तों से गाजा में भोजन, दवाइयों, ईंधन और अन्य सप्लाई को रोक दिया है और मांग की है कि हमास सीजफायर समझौते में बदलाव स्वीकार करे।

**सीजफायर के पहले फेज में 33 इजराइली बंधक रिहा हुए :** सीजफायर का पहला फेज 1 मार्च को खत्म हो गया है। पहले फेज में हमास ने 33 बंधक छोड़े हैं, इनमें 8 शव शामिल हैं। वहीं इजराइल ने 2 हजार फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा किया है। इजराइल और हमास के बीच सीजफायर के दूसरे फेज पर अभी तक बातचीत शुरू नहीं हो पाई है। इस फेज में लगभग 60 बंधकों को रिहा किया जाना था। साथ ही जंग को पूरी तरह से खत्म करने पर बात होनी थी। हमास के पास अभी 24 जिंदा बंधक और 35 के शव हैं।

### ट्रंप का जेलेंस्की को सुझाव, यूक्रेनी ऊर्जा संयंत्रों की सुरक्षा के लिए उनकी कमान अमेरिका को सौंपें

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को यूक्रेन के अपने समकक्ष वोलोदिमीर जेलेंस्की को सुझाव दिया कि अमेरिका को यूक्रेन के अहम ऊर्जा संयंत्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उनका स्वामित्व अपने हाथ में ले लेना चाहिए। रूस-यूक्रेन में युद्ध-विराम के प्रयासों के बीच ट्रंप ने कहा कि उन्होंने बुधवार सुबह जेलेंस्की से करीब एक घंटा वार्ता की। इससे एक दिन पहले ही ट्रंप ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से चर्चा की थी। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में ट्रंप ने कहा कि उन्होंने ''रूस और यूक्रेन के अनुरोधों और आवश्यकताओं के अनुसार'' बातचीत की, क्योंकि वह दोनों देशों के बीच युद्ध-विराम समझौता चाहते हैं। ट्रंप ने कहा, ''हम पूरी तरह से सही रास्ते पर हैं।'' बातचीत के दौरान ट्रंप ने जेलेंस्की को सुझाव दिया कि अमेरिका को यूक्रेन के अहम ऊर्जा संयंत्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उनका स्वामित्व अपने हाथ में ले लेना चाहिए। अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार माइक वाल्ट्ज की ओर से व्हाइट हाउस में जारी बयान के अनुसार, ट्रंप ने जेलेंस्की से कहा कि अमेरिका ऊर्जा क्षेत्र में अपनी विशेषज्ञता के कारण इन संयंत्रों को चलाने में बहुत मददगार हो सकता है। ट्रंप ने कहा, ''उन संयंत्रों पर अमेरिकी स्वामित्व उस बुनियादी ढांचे के लिए सर्वोत्तम सुरक्षा हो सकती है।'' ट्रंप ने मंगलवार को पुतिन से यूक्रेन के साथ संभावित आंशिक युद्ध-विराम के बारे में बात की। पुतिन ऊर्जा अवसंरचना को निशाना न बनाने पर सहमत हुए, लेकिन 30 दिन के पूर्ण युद्ध-विराम का समर्थन करने से इनकार कर दिया। जेलेंस्की ने ट्रंप के साथ बातचीत से पहले बुधवार को कहा कि पुतिन का संकल्प वास्तविकता से बहुत अलग है, क्योंकि रात भर पूरे देश में ड्रोन हमले हुए हैं। हेलसिंकी में फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब के साथ एक संवाददाता सम्मेलन में जेलेंस्की ने कहा, ''यहां तक कि कल रात भी, पुतिन की ट्रंप के साथ बातचीत के बाद, जब पुतिन ने कहा कि वह कथित तौर पर यूक्रेनी ऊर्जा प्रतिष्ठानों पर हमले रोकने के आदेश दे रहे हैं।



### आम चुनाव से पहले ही लोकतंत्र का गला घोंटने की तैयारी, एनसीपी नहीं चाहती अवामी लीग लड़े चुनाव

**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश में आम चुनाव से पहले ही लोकतंत्र का गला घोंटने की तैयारी शुरू हो गई है। दरअसल, छात्र नेतृत्व वाली नेशनल सिटीजन पार्टी (एनसीपी) ने बुधवार को कहा कि वह नहीं चाहती कि अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना की पार्टी बांग्लादेश अवामी लीग चुनाव में भाग ले। वह इसका विरोध करेगी। पिछले वर्ष छात्र आंदोलन के चलते ही हसीना का तख्ता पलट हुआ था। एशिया-प्रशांत क्षेत्र के लिए अमेरिका की समसामयिक मामलों की पत्रिका द डिप्लोमेट में प्रकाशित एक साक्षात्कार में एनसीपी के संयोजक नाहिद इस्लाम ने कहा, हम नहीं चाहते कि हसीना की पार्टी का कोई भी नामलेवा आगामी चुनावों में सक्रिय हिस्सा ले। इस्लाम ने कहा कि अवामी लीग के जो लोग गलत कामों के लिए जिम्मेदार हैं, उन पर सबसे पहले मुकदमा चलाया जाए। इस्लाम ने कहा, हमारा लक्ष्य एक संविधान सभा के जरिये द्वितीय गणराज्य की स्थापना करना है। यह पूछने पर कि कूटनीति पर उनकी पार्टी का रुख क्या है, इस्लाम ने कहा, सबसे महत्वपूर्ण यह है कि हम चाहते हैं कि बांग्लादेश किसी भी विदेशी शक्ति के प्रभुत्व से मुक्त होकर एक संतुलित और लाभप्रद कूटनीतिक दृष्टिकोण अपनाए। उन्होंने कहा, अतीत में हम दिल्ली के प्रभाव में थे। अब हम बांग्लादेश की राजनीति को भारत या पाकिस्तान के इर्द-गिर्द केंद्रित नहीं होने देंगे।

# अमेरिकी शिक्षा विभाग को खत्म करने की तैयारी में ट्रंप, जल्द कर सकते हैं कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप गुरुवार (स्थानीय समयानुसार) को एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर करने की योजना बना रहे हैं, जिसका उद्देश्य अमेरिकी शिक्षा विभाग को खत्म करना है। यह उनके चुनावी वादों में से एक था। यूएसए टुडे ने वरिष्ठ ट्रम्प प्रशासन अधिकारियों के हवाले से यह जानकारी दी।

ट्रंप इस आदेश पर व्हाइट हाउस में एक समारोह के दौरान हस्ताक्षर करेंगे, जिसमें कई रिपब्लिकन गवर्नर और राज्य के शिक्षा आयुक्त शामिल होंगे। यूएसए टुडे के अनुसार, ट्रंप अपनी शिक्षा सचिव लिंडा मैकमैहन को यह निर्देश देंगे कि शिक्षा विभाग को बंद करें और शिक्षा से संबंधित अधिकारों को राज्यों को लौटाने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएं। आदेश में यह भी कहा गया है कि जिन सेवाओं, कार्यक्रमों और लाभों पर अमेरिकी नागरिक निर्भर हैं, उनकी अबाधित आपूर्ति जारी रहनी चाहिए।

**यह आदेश ट्रंप के लिए परीक्षा होगा :** ट्रंप का यह नया आदेश राष्ट्रपति की शक्तियों की सीमा की एक नई परीक्षा होगा। इससे पहले उनकी सरकार ने अमेरिकी अंतर्राष्ट्रीय विकास एजेंसी (यूएसएड) को बंद करने का प्रयास किया था, जिसे इस सप्ताह मैरीलैंड के संघीय जिला न्यायालय ने रोक दिया था। 1978 में कांग्रेस द्वारा एक कैबिनेट-स्तरीय एजेंसी के रूप में स्थापित शिक्षा विभाग इस आदेश के तुरंत बाद बंद नहीं होगा। विभाग को पूरी तरह खत्म करने के लिए कांग्रेस की कार्रवाई की आवश्यकता होगी। हाल के हफ्तों में, ट्रंप ने इस एजेंसी के कर्मचारियों की संख्या कम कर दी है, लेकिन यह एजेंसी अभी भी काम कर रही है और स्कूलों के लिए महत्वपूर्ण संघीय वित्त पोषण कार्यक्रमों की निगरानी करती है। व्हाइट हाउस के प्रिंसिपल डिप्टी प्रेस सचिव हैरिसन फील्ड्स ने यूएसए टुडे को दिए एक बयान में कहा कि यह आदेश माता-पिता, राज्यों और समुदायों को सशक्त करेगा, जिससे सभी छात्रों के लिए परिणामों में सुधार होगा।




**कई राज्यों के गवर्नर होंगे शामिल :** एक व्हाइट हाउस अधिकारी के अनुसार, दिव्यांग छात्रों के लिए संघीय वित्त पोषण, कम आय वाले स्कूलों के लिए टाइटल ढ्ढ फंडिंग और संघीय छात्र ऋण भुगतान इस आदेश के तहत अपरिवर्तित रहेंगे। फ्लोरिडा के गवर्नर रॉन डेसांटिस, वर्जीनिया के गवर्नर ग्लेन यंगकिन, टेक्सास के गवर्नर ग्रेग एबॉट और ओहायो के गवर्नर माइक डिवाइन सहित कई रिपब्लिकन गवर्नर इस हस्ताक्षर समारोह में शामिल होने की उम्मीद है। रिपब्लिकन सांसद लंबे समय से संघीय सरकार पर स्थानीय और राज्य शिक्षा नीति पर नियंत्रण रखने का आरोप लगाते रहे हैं, हालांकि संघीय सरकार का स्कूल पाठ्यक्रम पर कोई नियंत्रण नहीं है। ट्रंप का यह आदेश ऐसे समय आया है जब पिछले हफ्ते 1,300 से अधिक शिक्षा विभाग के कर्मचारियों को सेवा समाप्ति नोटिस दिया गया था। यह फेडरल गवर्नमेंट एफिशिएंसी डिपार्टमेंट द्वारा संघीय सरकार में की गई छंटनी के तहत किया गया था।

### अलास्का विमान दुर्घटना: दुर्घटनाग्रस्त विमान का वजन बर्फीली परिस्थितियों के लिहाज से आधा टन अधिक था: जांचकर्ता

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड ने बुधवार को जारी एक प्रारंभिक रिपोर्ट में कहा कि अलास्का के तट पर समुद्री बर्फ पर दुर्घटनाग्रस्त हुए यात्री विमान का वजन बर्फीली परिस्थितियों में यात्रा के लिहाज से आधा टन अधिक था। इस हादसे में सवार सभी 10 लोगों की मौत हो गई थी। एनटीएसबी के अलास्का क्षेत्र का नेतृत्व करने वाले क्लिंट जॉनसन ने चेतावनी देते हुए कहा कि वजन चल रही जांच में सिर्फ एक डेटा बिंदु है। दुर्घटना के बाद संभावित कारणों सहित अंतिम रिपोर्ट तैयार होने में एक वर्ष या उससे अधिक समय लग सकता है। 6 फरवरी को बेरिंग एयर के विमान की दुर्घटना अलास्का की सदी की सबसे घातक विमान दुर्घटनाओं में से एक थी। आठ दिनों में यह तीसरी बड़ी अमेरिकी विमानन दुर्घटना थी। 29 जनवरी को पोटोमैक नदी के ऊपर एक वाणिज्यिक जेटलाइनर और एक सेना के हेलीकॉप्टर में टक्कर हो गई, जिसमें 67 लोग मारे गए। 31 जनवरी को फिलाडेल्फिया में एक चिकित्सा परिवहन विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें सवार सभी छह लोग और जमीन पर एक अन्य व्यक्ति की मौत हो गई। इस क्षेत्र में इस तरह के विमान बहुत ज्यादा प्रयोग में आते हैं। राज्य के 200 से ज्यादा गांव सड़क प्रणाली से दूर हैं और केवल हवाई जहाज या नाव से ही पहुंचा जा सकता है। लोग मेडिकल अपॉइंटमेंट और मीटिंग्स, शॉपिंग करने, रिश्तेदारों से मिलने या हाई स्कूल के दूर के खेल खेलों में भाग लेने के लिए उनका उपयोग करते हैं। जॉनसन ने कहा कि यह निर्धारित किया जाना बाकी है कि दुर्घटना में अधिक वजन की स्थिति एक कारक थी या नहीं। उन्होंने कहा कि मार्ग पर बर्फबारी की स्थिति का पूर्वानुमान था, और नोम में बर्फबारी हो रही थी। उन्होंने कहा कि अधिकारी यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि पायलट को क्या जानकारी दी गई थी, जब वह रवाना हुआ तो उसके पास क्या जानकारी थी और क्या दुर्घटना स्थल पर बर्फबारी की स्थिति थी। टिप्पणी हेतु बेरिंग एयर को भेजी गई ई-मेल का तुरंत उत्तर नहीं मिला। एंकोरेज में विमानन दुर्घटना मुकदमेबाजी वकील और पायलट व्हिटनी पावर विल्सन ने कहा कि सुदूर अलास्का में मौसम अक्सर एक कारक होता है, और हालांकि अधिकांश अलास्कावासियों के लिए उड़ान भरना सामान्य बात है, लेकिन यह एक खतरनाक कार्य भी हो सकता है। उन्होंने कहा, बर्फ जमना सभी पायलटों के लिए चिंता का विषय होना चाहिए, लेकिन खास तौर पर छोटे विमानों के पायलटों और उन पायलटों के लिए जो अक्सर बर्फ जमने के अनुकूल परिस्थितियों में काम करते हैं।



### भारत प्रत्यर्पण से बचने के लिए तहव्वुर राणा ने चली आखिरी चाल, अमेरिका के मुख्य न्यायाधीश से की अपील

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** मुंबई हमले का आरोपी तहव्वुर राणा अपना भारत प्रत्यर्पण रोकने के लिए हरसंभव कोशिश कर रहा है। अब उसने प्रत्यर्पण रोकने के लिए आखिरी चाल चली है और अमेरिका के मुख्य न्यायाधीश जॉन रॉबर्ट्स से अपील की है। गौरतलब है कि तहव्वुर राणा ने इससे पहले अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस एलेना कागन के सामने भी अपील की थी, लेकिन जस्टिस एलेना ने तहव्वुर राणा की याचिका को खारिज कर दिया था।



**4 अप्रैल को हो सकती है सुनवाई :** अमेरिका के मुख्य न्यायाधीश जॉन रॉबर्ट्स आगामी 4 अप्रैल को तहव्वुर राणा की अपील पर सुनवाई कर सकते हैं। अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर यह जानकारी दी गई है। अपनी अपील में तहव्वुर राणा ने उसका भारत प्रत्यर्पण रोकने की अपील की है। दरअसल तहव्वुर राणा को भारत प्रत्यर्पण का डर सता रहा है। तभी जब उसने जस्टिस एलेना से अपील की थी तो उसमें कहा था कि उसे भारत में प्रताड़ित किया जा सकता है और इसके चलते वह ज्यादा लंबे समय तक जीवित नहीं रह पाएगा।

**तहव्वुर राणा को सता रहा डर :** तहव्वुर राणा ने कहा कि वह एक मुस्लिम है और पाकिस्तानी मूल का है। साथ ही वह पूर्व में पाकिस्तानी सेना में भी सेवाएं दे चुका है। इसके कारण उसे भारत में प्रताड़ित किया जा सकता है। मुंबई हमले के साजिशकर्ता ने ये भी कहा कि उसकी सेहत ठीक नहीं है और वह कई गंभीर बीमारियों से जूझ रहा है। ऐसे में उसे भारत में प्रताड़ित कर मारा जा सकता है। उल्लेखनीय है कि फरवरी में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा था कि तहव्वुर राणा को भारत प्रत्यर्पित किया जाएगा। तहव्वुर राणा को साल 2008 के मुंबई हमले के दोषी आतंकी डेविड कोलमैन का करीबी माना जाता है। तहव्वुर राणा मुंबई हमले के प्रमुख साजिशकर्ताओं में शामिल है। तहव्वुर राणा पर लश्कर ए तैयबा और पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआईय के साथ मिलकर काम करने का आरोप है।

# अमेरिका में भारतीय छात्र बदर खान सूरी गिरफ्तार

**वॉशिंटन डीसी, एजेंसी।** अमेरिका के इमिग्रेशन अधिकारियों ने सोमवार रात एक भारतीय छात्र बदर खान सूरी को वर्जीनिया से गिरफ्तार किया है। सूरी पर अमेरिका में हमास के समर्थन में प्रोपेगेंडा फैलाने का आरोप है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प विदेश नीति का विरोध करने वाले छात्र कार्यकर्ताओं पर कार्रवाई कर रही है।

सूरी को भी इसी कार्रवाई के तहत गिरफ्तार किया गया है। उस पर इजराइल का विरोध करने के आरोप लगे हैं। सूरी स्टूडेंट एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत अमेरिका की जॉर्जटाउन यूनिवर्सिटी का छात्र है। वह सेंटर फॉर मुस्लिम-क्रिश्चियन अंडरस्टैंडिंग में पोस्टडॉक्टोरल फेलो के रूप में अध्ययनरत है। अमेरिकी गृह सुरक्षा विभाग में सहायक सचिव ट्रिशिया मैकलॉघलिन ने ङ्ग पर पोस्ट कर आरोप लगाया कि सूरी सक्रिय तौर पर हमास का प्रचार कर रहा था और सोशल मीडिया पर यहूदी विरोधी भावना को बढ़ावा दे रहा था। उसे अमेरिका से निर्वासित किया जा सकता है।

**हमास का समर्थन करने पर भारतीय छात्रा का वीजा रद्द :** अमेरिका की कोलंबिया यूनिवर्सिटी में पढ़ रही भारतीय छात्रा रंजनी श्रीनिवासन का इसी महीने वीजा रद्द कर दिया गया था। अमेरिकी गृह सुरक्षा विभाग ने आरोप लगाया है कि श्रीनिवासन हिंसा-आतंकवाद को बढ़ावा देने और हमास का समर्थन करने वाली गतिविधियों में शामिल थीं। वीजा रद्द होने के बाद रंजनी ने अमेरिका छोड़ चुकी हैं। डीएचएस के मुताबिक रंजनी को एफ-1 स्टूडेंट वीजा के तहत कोलंबिया यूनिवर्सिटी के अर्बन प्लानिंग में क्कद्धष्ठ करने के लिए एडमिशन मिला था। अमेरिकी



विदेश विभाग ने 5 मार्च को उनका वीजा निरस्त कर दिया था। इसके बाद रंजनी ने 11 मार्च को अमेरिका छोड़ दिया। डीएचएस की सचिव क्रिस्टी नोएम ने कहा कि यदि कोई व्यक्ति हिंसा और आतंकवाद का समर्थन करता है, तो उसे इस देश में रहने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए।

ट्रम्प प्रशासन ने कोलंबिया यूनिवर्सिटी को 33 अरब रुपए की मदद रोकी ट्रम्प प्रशासन ने मार्च की शुरुआत में कोलंबिया यूनिवर्सिटी के खिलाफ सख्त कदम उठाते हुए 400 मिलियन अमेरिकी डॉलर (करीब 33 अरब रुपए) के अनुदान को रद्द कर दिया था। प्रशासन ने यूनिवर्सिटी पर यहूदी छात्रों के हो रहे उत्पीड़न को रोकने में विफल रहने का आरोप लगाया है। अमेरिकी शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य एवं मानव सेवा विभाग, न्याय विभाग और सामान्य सेवा प्रशासन की जॉइंट टास्क फोर्स टु कॉम्बैट एंटी-सेमिटिज्म ने यह कार्रवाई की। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने यहूदी छात्रों की सुरक्षा करने में विफल रहने और विरोध-प्रदर्शनों की इजाजत देने वाली यूनिवर्सिटीज को फेडरल ग्रांट (संघीय वित्तीय सहायता) न देने की चेतावनी दी है। कोलंबिया यूनिवर्सिटी ज्यूडिशियल बोर्ड ने गाजा को लेकर हुए विरोध-प्रदर्शन के दौरान हैमिल्टन हॉल पर कब्जे में शामिल छात्रों पर सख्त कार्रवाई की है। अमेरिकी इमिग्रेशन विभाग के अधिकारियों ने वेस्ट बैंक की एक फिलिस्तीनी छात्रा लेका कोर्डिया को गिरफ्तार किया था। लेका 2022 से एक्सपायर स्टूडेंट वीजा पर अमेरिका में रह रही थी। उसे अप्रैल 2024 में कोलंबिया यूनिवर्सिटी में हमास समर्थक प्रदर्शनों में शामिल होने की वजह से हिरासत में लिया गया था। इसके अलावा ट्रम्प प्रशासन ने कोलंबिया यूनिवर्सिटी में ग्रेजुएशन के स्टूडेंट महमूद खलील को गिरफ्तार किया है। खलील पर इजराइल विरोधी प्रदर्शनों में शामिल होने का आरोप है। इमिग्रेशन अधिकारियों ने खलील को डिटेंशन सेंटर भेज दिया है। खलील फिलिस्तीनी मूल का है।

# कोटक म्यूचुअल फंड ने लॉन्च की छोटी

**छोटी एसआईपी - सपनों को साकार करने का छोटा सा तरीका :**

**मुंबई/इन्दौर।**


कोटक महिंद्रा एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड (÷[illegible]÷ / ÷कोटक म्यूचुअल फंड÷) ने आज ÷छोटी सिप (स्ढ्ढक्क या एसआईपी)÷ सुविधा लॉन्च करने की घोषणा की है। छोटी सिप कोटक महिंद्रा म्यूचुअल फंड की सभी पात्र योजनाओं के लिए उपलब्ध होगी। हाल ही में सेबी और एएमएफआई ने छोटी सिप (स्मॉल टिकट एसआईपी) की शुरुआत की, जिससे भारत के और अधिक लोगों को धन सृजन की यात्रा में शामिल होने का बेहतरीन अवसर मिलेगा।

कोटक महिंद्रा एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर निलेश शाह ने कहा, भारत की कुल आबादी में से केवल 5.4 करोड़ यूनिक इन्वेस्टर ही म्यूचुअल फंड में निवेश करते हैं, जिससे देश में म्यूचुअल फंड के व्यापक विस्तार की बड़ी संभावना है। सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) नए निवेशकों को जोड़ने और उनकी म्यूचुअल फंड यात्रा शुरू करने का एक शानदार तरीका रहा है। छोटी सिप के लॉन्च के साथ, कोई भी नया निवेशक केवल ₹250 की न्यूनतम राशि से अपनी संपत्ति निर्माण की यात्रा शुरू कर सकता है। इसे हम कह सकते हैं - 'छोटी रकम, बड़ा कदम।'

यह पहल नए निवेशकों को 250 रुपये की न्यूनतम राशि के साथ सिप के माध्यम से निवेश करने में सक्षम बनाती है। छोटी सिप (छोटा सिस्टमेटिक इन्वेस्टमेंट प्लान) के पीछे का उद्देश्य इस क्षेत्र में प्रवेश में आने वाली बाधाओं को कम करके, विशेष रूप से पहली बार निवेश करने वाले लोगों के लिए म्यूचुअल फंड निवेश को अधिक सुलभ बनाना है। निवेशक ने पहले उद्योग स्तर पर म्यूचुअल फंड (एसआईपी या एकमुश्त) में निवेश नहीं किया होगा। निवेशक को ग्रोथ ऑप्शन में निवेश करना चाहिए और मासिक आधार पर कम से कम 60 किस्तों के लिए प्रतिबद्ध होना चाहिए। किस्तों का भुगतान केवल एनएसीएच (नैश) या यूपीआई ऑटो-पे के माध्यम से करना चाहिए।

यदि निवेशकों को संदेह है कि योजना उनके लिए उपयुक्त है या नहीं, तो उन्हें अपने वित्तीय विशेषज्ञों और कर सलाहकारों से परामर्श करना चाहिए। कोटक महिंद्रा एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड (केएमएएमसी) किसी भी रिटर्न/भविष्य के रिटर्न की गारंटी या वादा नहीं करता है।

# अडानी ग्रुप का केबल और वायर सेक्टर में एंट्री का ऐलान, कंपनियों में हड़कंप



**केईआई इंडस्ट्रीज, पॉलीकैब और हैवेल्स के शेयरों में आई भारी गिरावट**

**मुंबई।** अडानी ग्रुप अब नए बिजनेस में उतरने की तैयारी कर रहा है, इस खबर को सुनकर देश में मौजूद कई कंपनियां सकते में हैं। देश में केबल और वायर निर्माता कंपनियों केईआई इंडस्ट्रीज, पॉलीकैब और हैवेल्स के शेयरों में भारी गिरावट आ गई है, क्योंकि अडानी ग्रुप ने इस सेक्टर में काम शुरू करने का ऐलान किया है। अडानी ग्रुप ने एक नए ज्वाइंट वेंचर 'प्रणीता इकोकेबल्स' बनाकर इस वायर और केबल इंडस्ट्री में काम की शुरुआत करने जा रहा है।

एक कार्यक्रम में अडानी ग्रुप की प्रमुख कंपनी अडानी एंटरप्राइजेज ने इसकी जानकारी देते हुए कहा कि उसकी पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी कच्छ कॉपर ने एक ज्वाइंट वेंचर कंपनी 'प्रणीता इकोकेबल्स लिमिटेड' का निगमन पूरा कर लिया है। कच्छ कॉपर और प्रणीता वेंचर्स दोनों के पास नवगठित कंपनी में 50 फीसदी इक्विटी हिस्सेदारी होगी। भारत के केबल और वायर मार्केट का साइज 2024 में 9.32 बिलियन अमेरिकी डॉलर होने का अनुमान था और 2025 में इसके 10.01 बिलियन अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 2032 तक 17.08 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। ऐसे में अडानी ग्रुप की इस सेक्टर में एंट्री से मार्केट शेयर बंट सकता है।

अडानी ग्रुप के केबल और वायर इंडस्ट्री में उतरने के ऐलान से इस सेक्टर की अहम कंपनियों के शेयरों में भारी गिरावट आई है, क्योंकि अब मार्केट में अडानी जैसा एक और बड़ा प्लेयर आ गया है। इससे पहले अल्ट्राटेक ग्रुप ने भी वायर और केबल इंडस्ट्री में एंट्री का ऐलान किया था। आज हैवेल्स, पॉलीकैब और केईआई इंडस्ट्री के शेयरों में भारत गिरावट देखने को मिली। पॉलीकैब के शेयर 8 फीसदी, हैवेल्स के शेयर 5 फीसदी तो केईआई इंडस्ट्री के शेयर 12 फीसदी टूटे।

# व्यवसाय के लिए उपयोग होने वाले ड्रोन पर लग सकती है 5 फीसदी

**इस समय ड्रोन पर जीएसटी दर उनके वर्गीकरण के हिसाब से अलग-अलग है**

**नई दिल्ली।**

जीएसटी काउंसिल अपनी अगली बैठक में कारोबार के लिए उपयोग होने वाले सभी तरह के ड्रोन पर समान रूप से 5 प्रतिशत जीएसटी लगाने का फैसला कर सकती है। सूत्रों के अनुसार यह फैसला ड्रोन के अलग-अलग वर्गीकरण को लेकर हो रहे भ्रम को दूर करने और उद्योग को स्पष्टता देने के लिए उठाया जा रहा है। बाजार के जानकारों के मुताबिक यह फैसला भारत के तेजी से बढ़ते ड्रोन उद्योग के लिए बड़ी राहत बन सकता है।

फिलहाल देश में लगभग 488 ड्रोन कंपनियां काम कर रही हैं, जिन्होंने अब तक करीब 518 मिलियन डॉलर का निवेश हासिल किया है। इस समय ड्रोन पर जीएसटी दर उनके वर्गीकरण के हिसाब से अलग-अलग है। कारोबार के लिए उपयोग होने वाले ड्रोन अगर एचएसएन कोड 8806 के तहत 'एयरक्राफ्ट' के रूप में आते हैं तो उन पर 5 फीसदी जीएसटी लगता है। वहीं अगर ड्रोन में कैमरा जुड़ा हो और उसे एचएसएन 8525 के तहत 'डिजिटल कैमरा' माना जाए, तो उस पर 18 फीसदी जीएसटी लगती है। इसके अलावा, व्यक्तिगत इस्तेमाल के लिए खरीदे गए ड्रोन पर एचएसएन 8806 के तहत 28 फीसदी तक जीएसटी लगती है। सरकार ने हाल के समय में ड्रोन को बढ़ावा देने के लिए कई जरूरी कदम उठाए हैं। कृषि, लॉजिस्टिक्स, पब्लिक सेफ्टी और कंस्ट्रक्शन जैसे क्षेत्रों में ड्रोन के इस्तेमाल को प्रोत्साहित किया जा रहा है। उदाहरण के लिए, 'ग्रीन ज़ोन' में 400 फीट तक की ऊंचाई पर ड्रोन उड़ाने के लिए अब अनुमति की जरूरत नहीं है। इसके अलावा, नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने 2023 में ड्रोन नियमों में संशोधन कर 'येलो ज़ोन' की परिभाषा को सरल किया और माइक्रो व नैनो ड्रोन के नॉन-कमर्शियल इस्तेमाल के लिए भी छूट दी। सरकार ने 'नमो ड्रोन दीदी' योजना भी शुरू की है, जिसका मकसद महिलाओं के स्व-सहायता समूहों को कृषि सेवाओं के लिए ड्रोन इस्तेमाल करने में सक्षम बनाना है।

# चेन्नई प्लांट का इस्तेमाल फोर्ड इंजन और पार्ट्स के निर्यात के लिए करेगा

**नई दिल्ली।**

अमेरिकी कंपनी फोर्ड अपने चेन्नई स्थित प्लांट का इस्तेमाल इंजन और ऑटोमोबाइल पार्ट्स के निर्माण और निर्यात के लिए करेगी। जानकारी के मुताबिक, फोर्ड ने इस योजना को अंतिम रूप दे दिया है और इसका आधिकारिक ऐलान 2025 की दूसरी तिमाही में किया जाएगा। फोर्ड ने सितंबर 2021 में भारत में अपना कारोबार बंद कर दिया था। इसके बाद से ही चेन्नई के मराईमलाई स्थित प्लांट 2022 से बंद पड़ा है। हाल ही में इस प्लांट को फिर से शुरू करने की चर्चा जोरों पर थी, लेकिन अटकलें लगाई जा रही थीं कि अमेरिका में ट्रम्प सरकार की संभावित नीतियों और भारत में इंपोर्ट ड्यूटी बढ़ाने की योजनाओं के कारण फोर्ड अपनी भारत वापसी की योजना रद्द कर सकता है। हालांकि, भारतीय सरकारी सूत्रों ने स्पष्ट किया है कि कंपनी की योजना अभी भी लागू होगी। फोर्ड ने 1995 में भारत में अपने ऑपरेशंस शुरू किए थे और एक समय पर उसके चेन्नई प्लांट की वार्षिक उत्पादन क्षमता 2 लाख वाहनों की थी, जबकि साणंद प्लांट में 2.4 लाख वाहनों और 2.7 लाख इंजनों का निर्माण किया जाता था। चेन्नई प्लांट में इकोस्पोर्ट और एंडेवर जैसी एसयूवी बनाई जाती थीं, जबकि साणंद प्लांट में एस्पायर और फिगो फ्रीस्टाइल का निर्माण होता था। अब फोर्ड अपनी भारत में मौजूद सुविधाओं का उपयोग नए तरीके से करेगी।

# वॉरेन बफेट अरबपतियों की सूची में छठे स्थान पर

## बर्कशायर हैथवे के शेयरों में आई 16 फीसदी की बढ़ोतरी

**नई दिल्ली।** दुनियाभर के शेयर बाजारों में जारी उतार-चढ़ाव के बीच मशहूर निवेशक वॉरेन बफेट ने इस साल की शुरुआत से अब तक उन्होंने 22.3 अरब डॉलर की कमाई की है, जिससे उनकी कुल संपत्ति 164 अरब डॉलर तक पहुंच गई है।` जिससे वह दुनिया के छठे सबसे अमीर व्यक्ति बन गए हैं। बफेट की यह बढ़त मुख्य रूप से उनकी निवेश कंपनी बर्कशायर हैथवे के शेयरों में आई 16 फीसदी की बढ़ोतरी के कारण हुई है। इस बीच अन्य शीर्ष अरबपतियों को भारी नुकसान झेलना पड़ा है। बर्कशायर हैथवे ने हाल ही में जापानी कंपनियों में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाई है, जबकि पिछले साल इसने बैंक ऑफ अमेरिका और एप्पल के अरबों डॉलर के शेयर बेच दिए थे। बफेट ने अपने निवेशकों को आश्वस्त किया है कि उनकी कंपनी भविष्य में भी बड़े स्तर पर इक्विटी में निवेश करती रहेगी। उनकी यह रणनीति शेयर बाजार में लंबे समय तक स्थिरता बनाए रखने और अधिक मुनाफा कमाने पर केंद्रित है। ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स के अनुसार वॉरेन बफेट अब दुनिया के छठे सबसे अमीर व्यक्ति बन गए हैं। उनसे ऊपर एलन मस्क, जैफ बेजोस, मार्क जुकरबर्ग, बर्नार्ड अर्नाल्ट और लैरी एलिसन जैसे दिग्गज अरबपति हैं। एलन मस्क अब भी 310 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति बने हुए हैं, जबकि जैफ बेजोस 217 अरब डॉलर के साथ दूसरे स्थान पर हैं।

## एयर इंडिया 50 बड़े विमान खरीदने की तैयारी में

**नई दिल्ली।**

एयर इंडिया अमेरिकी कंपनी बोइंग और यूरोप की एयरबस से करीब 50 बड़े विमान खरीदने पर` विचार कर रही है। सूत्रों के मुताबिक एयर इंडिया 30 से 40 बड़े विमान खरीदने की योजना बना रही है। इनमें एयरबस ए350 और बोइंग 777 एक्स मॉडल शामिल हो सकते हैं। यह संख्या 50 से भी ज्यादा हो सकती है। सूत्रों ने बताया कि अभी बातचीत चल रही है और कुछ भी तय नहीं है। एक सूत्र ने बताया कि पेरिस एयर शो (जून में) के करीब चीजें साफ हो जाएंगी। इसका मतलब है कि जून तक पता चल सकता है कि एयर इंडिया कितने हवाई जहाज खरीदेगी। पिछले साल एयर इंडिया ने 470 विमान खरीदने का समझौता किया था। इसके अलावा कंपनी ने पिछले साल भी एयरबस से 100 विमान खरीदने के लिए डील की थी। इनमें से ज्यादातर छोटे आकार के विमान थे। अब कंपनी की बड़े विमान यानी वाइड-बॉडी एयरक्राफ्ट खरीदने की योजना है ताकि एयर इंडिया इंटरनेशनल मार्केट में अपनी जगह बना सके। टाटा ग्रुप के हाथों में आने के बाद एयर इंडिया में कई बदलाव हो रहे हैं। पहले सरकार के नियंत्रण में एयर इंडिया की हालत खराब थी। लेकिन विमानों की डिलीवरी में देरी होने की वजह से एयर इंडिया की तरक्की में रुकावट आ रही है।

## देश में 2028 तक होंगे 77 करोड़ 5जी उपभोक्ता

**नई दिल्ली।**

देश में साल 2028 तक 5जी उपभोक्ताओं की संख्या बढ़कर करीब 77 करोड़ पहुंच जाएगी। अभी इनकी संख्या 29 करोड़ है। नोकिया की सालाना मोबाइल ब्रॉडबैंड इंडेक्स रिपोर्ट के मुताबिक, 2024 में पूरे भारत में 5जी डाटा के इस्तेमाल में सालाना आधार पर तीन गुना की उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई। दिसंबर, 2024 में प्रति ग्राहक औसत मासिक 5जी डाटा खपत बढ़कर 40 जीबी पहुंच गई। रिपोर्ट में कहा गया है कि 4जी और 5जी डाटा की खपत मिलकर पांच साल में 19.5 फीसदी की सालाना वृद्धि दर से बढ़कर 2024 में 27.5 जीबी पहुंच गई। 5जी फिक्स्ड वायरलेस एक्सेस (एफडब्ल्यूए) के निरंतर बढ़ने से डाटा खपत में वृद्धि हो रही है। एफडब्ल्यूए ग्राहक अब औसत यूजर्स की तुलना में 12 गुना अधिक डाटा का उपभोग कर रहे हैं। यह बदलाव आवासीय और व्यावसायिक दोनों ही क्षेत्रों में नई सेवाओं के कारण हो रहा है।

## दुनिया के हर इंसान पर 100 रुपये से ज्यादा का कर्ज रिपोर्ट

**नई दिल्ली।**

दुनिया की 800 अरब की आबादी के हिसाब से हर व्यक्ति पर करीब 104 रुपये का कर्ज है। आर्थिक सहयोग और विकास संगठन की रिपोर्ट के मुताबिक, बढ़ती ब्याज दरों के कारण कर्ज लेने वालों के लिए स्थिति मुश्किल हो रही है। सरकारों और कंपनियों को अब अपने निवेश को प्राथमिकता देनी होगी, ताकि उनका कर्ज प्रोडक्टिव साबित हो सके। रिपोर्ट के अनुसार, 2021 से 2024 के बीच ब्याज लागत का सकल घरेलू उत्पाद में हिस्सा 20 साल के सबसे निचले स्तर से अब तक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है।

## एयर इंडिया 50 बड़े विमान खरीदने की तैयारी में

**नई दिल्ली।**

एयर इंडिया अमेरिकी कंपनी बोइंग और यूरोप की एयरबस से करीब 50 बड़े विमान खरीदने पर` विचार कर रही है। सूत्रों के मुताबिक एयर इंडिया 30 से 40 बड़े विमान खरीदने की योजना बना रही है। इनमें एयरबस ए350 और बोइंग 777 एक्स मॉडल शामिल हो सकते हैं। यह संख्या 50 से भी ज्यादा हो सकती है। सूत्रों ने बताया कि अभी बातचीत चल रही है और कुछ भी तय नहीं है। एक सूत्र ने बताया कि पेरिस एयर शो (जून में) के करीब चीजें साफ हो जाएंगी। इसका मतलब है कि जून तक पता चल सकता है कि एयर इंडिया कितने हवाई जहाज खरीदेगी। पिछले साल एयर इंडिया ने 470 विमान खरीदने का समझौता किया था। इसके अलावा कंपनी ने पिछले साल भी एयरबस से 100 विमान खरीदने के लिए डील की थी। इनमें से ज्यादातर छोटे आकार के विमान थे। अब कंपनी की बड़े विमान यानी वाइड-बॉडी एयरक्राफ्ट खरीदने की योजना है ताकि एयर इंडिया इंटरनेशनल मार्केट में अपनी जगह बना सके। टाटा ग्रुप के हाथों में आने के बाद एयर इंडिया में कई बदलाव हो रहे हैं। पहले सरकार के नियंत्रण में एयर इंडिया की हालत खराब थी। लेकिन विमानों की डिलीवरी में देरी होने की वजह से एयर इंडिया की तरक्की में रुकावट आ रही है

## डिपॉजिट लिमिट 2 लाख से बढ़ाकर 5 लाख की जाए- पेमेंट्स बैंक

**नई दिल्ली।**

पेमेंट्स बैंकों ने केंद्र सरकार से एक खाते में अधिकतम डिपॉजिट सीमा को 2 लाख से बढ़ाकर 5 लाख रुपए करने की मांग की है। यह मांग हाल ही में दिल्ली में वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस) के सचिव की अध्यक्षता में हुई बैठक में की गई। बैठक में शामिल एक सूत्र के मुताबिक बैंकों ने सरकार के सामने यह सुझाव रखा। गौरतलब है कि अप्रैल 2021 में आखिरी बार यह सीमा 1 लाख से बढ़ाकर 2 लाख रुपए की गई थी। इसके अलावा, पेमेंट्स बैंकों ने सरकार से यह भी अनुरोध किया है कि उन्हें माइक्रोफाइनेंस सेक्टर को लोन देने की अनुमति दी जाए। हालांकि, बैंकों ने लोन की अधिकतम सीमा तय करने की बात भी कही है ताकि उनकी आय के स्रोतों में विविधता लाई जा सके। अगर मंजूरी मिलती है तो यह मौजूदा लाइसेंसिंग सिस्टम से हटकर एक बड़ा कदम होगा, जिसमें पेमेंट्स बैंकों को सिर्फ सरकारी सिक्योरिटीज़ में निवेश करने की अनुमति है।

## तेल और गैस कंपनियों को विंडफॉल टैक्स से मिलेगी राहत

**नए कानून में नहीं लगेगा अप्रत्याशित कर लाभ**


**नई दिल्ली।**

तेल और गैस कंपेनियों को नए कानून के लागू होने के बाद अप्रत्याशित लाभ (विंडफॉल टैक्स) कर जैसे किसी भी नए कर को झेलना नहीं पड़ेगा। पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा` कि नए विधेयक के पारित होने के बाद इस तरह का कर लगाना कठिन काम हो जाएगा, क्योंकि कोई न कोई हम पर मुकदमा कर देगा। उन्होंने कहा कि तेल और गैस की खोज और उत्पादन में निवेश करने के इच्छुक निवेशक राजकोषीय स्थिरता चाहते हैं। नए कर, जो दरें कम होने पर कम या शून्य मार्जिन की भरपाई किए बिना, ऊंची कीमतों पर अर्जित लाभ को छीनने का प्रयास करते हैं, अक्सर बाधक होते हैं। भारत ने एक जुलाई, 2022 को अप्रत्याशित लाभ कर लगाया और वह उन देशों की सूची में शामिल हो गया जो ऊर्जा कंपनियों के असाधारण लाभ पर कर लगाते हैं। पिछले दो सप्ताह में तेल की औसत कीमतों के आधार पर हर पखवाड़े कर दरों की समीक्षा की जाती थी। पिछले साल दिसंबर में 30 महीने बाद इस कर को खत्म कर दिया गया था। पुरी ने कहा कि वैश्विक तेल कंपनियां भारत में निवेश की संभावना तलाश रही हैं। ब्राजील की पेट्रोब्रास अंडमान बेसिन की खोज के लिए ऑयल इंडिया के साथ बातचीत कर रही है। साथ ही ऑयल एंड नेचुरल गैस कॉरपोरेशन (ओएनजीसी) गहरे पानी की खोज में सहयोग के लिए एक्सॉनमोबिल और इक्विनोर जैसी बड़ी कंपनियों के साथ बातचीत कर रही है। नया कानून उन सभी (अंतरराष्ट्रीय तेल कंपनियों) के लिए भारत आने और देखने के लिए स्थितियां बना रहा है। यह विधेयक सरकार के सुधार एजेंडे का हिस्सा है, जिससे कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस को खोजना और उत्पादन करना आसान हो जाएगा।

# शेयर बाजार तेजी के साथ बंद

**मुम्बई।**

भारतीय शेयर बाजार शुक्रवार को बढ़त पर बंद हुआ। सप्ताह के अंतिम कारोबार दिन बाजार में ये तेजी दुनिया भर से से मिले कमजोर संकेतों के बाद भी खरीदारी हावी रहने से आई है। आज सुबह हालांकि बाजार गिरावट के साथ खुला पर इसके कुछ समय बात ही इसमें उछाल आने लगा। सुबह 10 बजे के बाद बाजार ने अच्छी बढ़त बना ली और दिनभर बाजार में बढ़त रही।, दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स अंत में 0.73 फीसदी करीब 557 अंक ऊपर आकर 76,905 अंक पर बंद हुआ जबकि एनएसई 0.69 फीसदी तकरीबन 160 अंक उछलकर 23,350 पर बंद हुआ।गत दिवस विदेशी निवेशकों ने 3,000 करोड़ रुपये से ज्यादा की खरीदारी की थी। इसी कारण दुनिया भर से मिले खराब संकेतों के बाद भी बाजार में सकारात्मक माहौल रहा। इससे बड़े और छोटे रिटेल निवेशकों को खरीदारी के लिए प्रेरित किया। यही कारण है कि ब्रॉडर मार्केट ने बेंचमार्क इंडेक्स उछला। मिडकैप 1 फीसदी और स्मॉलकैप 2फीसदी से ज्यादा बढ़ा। निफ्टी बैंक 1 फीसदी से ज्यादा ऊपर आया। बैंक शेयरों की बात करें तो एसबीआई, पीएनबी, एचडीएफसी



बैंक, आईसीआईसीआई बैंक सभी के शेयर उछले इसके अलावा रेलवे, डिफेंस और सरकारी कंपनियों के शेयरों में भी उछाल रहा। आज ज्यादातर सेक्टोरल इंडेक्स में तेजी रही। बीएसई में 2,823 शेयर चढ़े जबकि1,213 शेयर टूटे। वहीं 126 शेयरों में कोई बदलाव नहीं हुआ। वहीं इससे पहले आज सुबह अमेरिकी ट्रेड टैरिफ चिंताओं के बीच ही बाजार गिरावट के साथ खुले। सेंसेक्स लगभग 200 अंक की गिरावट लेकर 76,155 पर खुला। यह 74.30 अंक की गिरावट लेकर 76,273 पर कारोबार कर रहा था। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी50 भी 23,168.25 अंक पर लाल निशान में खुला। यह 12.10 अंक गिरकर 23,178 पर चल रहा था। वहीं अमेरिकी बाजार गुरुवार को फेडरल रिजर्व के ब्याज दरों दरों को स्थिर रखने के बाद आई तेजी को बरकरार रखने में विफल रहे। एसएंडपी 500 0.22 फीसदी गिरकर 5,662.89 पर बंद हुआ, नैस्डैक कंपोजिट 0.33 फीसदी गिरकर 17,691.63 पर बंद हुआ और डॉव जोन्स इंडस्ट्रियल एवरेज 0.03 फीसदी गिरकर 41,953.32 पर बंद हुआ। एशियाई बाजारों में मिलाजुला रुख देखने को मिल रहा है। ऑस्ट्रेलिया का एसएंडपी/एएसएक्स 0.27 फीसदी ऊपर रहा।

# इरेडा ने 1,247 करोड़ जुटाने लॉन्च किया पहला परपेचुअल बॉन्ड

**नई दिल्ली।**

सरकारी स्वामित्व वाले रिन्यूएबल एनर्जी फाइनेंशियर, भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास एजेंसी लिमिटेड (इरेडा) ने घोषणा की कि उसने 1247 करोड़ रुपए जुटाने के लिए पहला परपेचुअल बॉन्ड लॉन्च किया है। स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग में एजेंसी ने कहा कि बॉन्ड 8.4 फीसदी के वार्षिक कूपन रेट पर जारी किए गए हैं। कंपनी ने इसे अनुकूल बाजार स्थितियों का लाभ उठाते हुए अपने कैपिटल स्ट्रक्चर को अनुकूलित करने की दिशा में बड़ा कदम बताया है।इरेडा ने कहा कि यह ऐतिहासिक पहल मौजूदा सहायक बाजार स्थितियों का लाभ उठाते हुए कंपनी की पूंजी संरचना को अनुकूलित करने की दिशा में बड़ा कदम है। इरेडा के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक ने कहा कि परपेचुअल बॉन्ड के जरिए कंपनी के पूंजी आधार को मजबूत करने से रिन्यूएबल एनर्जी प्रोजेक्ट्स के लिए फंडिंग बढ़ाने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि इससे भारत के स्वच्छ और अधिक सस्टेनेबल भविष्य की ओर बढ़ने में तेजी आएगी। इरेडा के बोर्ड द्वारा वित्त वर्ष 2024-25 के लिए अपनी उधार सीमा बढ़ाने का निर्णय लेने के तुरंत बाद परपेचुअल बॉन्ड की शुरुआत की है।कंपनी ने अपनी उधार सीमा 24,200 करोड़ रुपए से बढ़ाकर 29,200 करोड़ कर दी है।

अतिरिक्त धनराशि अलग-अलग वित्तीय साधनों के जरिए जुटाई जाएगी, इसमें टैक्सेबल बॉन्ड, परपेचुअल डेट इंस्ट्रूमेंट्स, बैंक लोन, इंटरनेशनल क्रेडिट लाइन्स, एक्सटर्नल कमर्शियल बॉरोइंग और शॉर्ट-टर्म लोन शामिल हैं। इरेडा ने यह भी घोषणा की कि उसे 19 मार्च को आयकर विभाग से 24.48 करोड़ रुपए का टैक्स रिफंड मिला है।

यह रिफंड आयकर आयुक्त द्वारा असेसमेंट ईयर 2011-12 के लिए दी गई आंशिक राहत से जुड़ा है।कंपनी ने कहा कि उसे 2010-11, 2012-13, 2013-14 और 2015-16 से 2018-19 सहित कई असेसमेंट साल के लिए करीब 195 करोड़ रुपए के टैक्स रिफंड का इंतजार है। इस घोषणा के बाद 20 मार्च को शुरुआती कारोबार के दौरान कंपनी के शेयरों में मामूली बढ़त दर्ज की। हालांकि यह बढ़त ज्यादा देर तक नहीं चल सकी क्योंकि बाद में शेयर 150.23 रुपए पर स्थिर कारोबार कर रहे थे।

## आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल ने लॉन्च किया नया ईटीएफ

**- ईवी कंपनियों में 1,000 रुपए से शुरू कर सकते हैं निवेश**

**नई दिल्ली।** आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल फंड ने शुक्रवार को आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल निफ्टी ईवी और न्यू एज ऑटोमोटिव ईटीएफ का शुभारंभ कर दिया है। यह एक ओपन एंडेड एक्सचेंज ट्रेडेड फंड है जो`` निफटी ईवी एंड न्यू एज ऑटोमो टिव इंडेक्स को ट्रैक करने के लिए डिजाइन किया गया है। इस नए फंड के जरिए निवेशक ईवी सेक्टर में निवेश कर सकते हैं। संबंधित घोषणा में इस एफएफओ के लॉन्च के साथ, यह बताया गया है कि निवेशक 2 अप्रैल 2025 तक इस न्यू फंड ऑफर में पैसा लगा सकते हैं। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल के इस एनएफओ में निवेशक मिनिमम 1,000 रुपए से शुरुआत कर सकते हैं, और उसके बाद 1 रुपये के मल्टीपल में निवेश कर सकते हैं। इस नए फंड में निवेश करने के लिए कोई लॉक इन पीरियड नहीं है और एग्जिट लोड भी शून्य है। निवेशकों को इस बात की भी जानकारी दी गई कि फंड के यूनिट्स की बिक्री पर ब्रोकरेज लागू होगा। फंड हाउस के मुताबिक, इस स्कीम के अंतर्गत कुल एसेट का 95 से 100 फीसदी हिस्नि` निफटी ईवी एंड न्यू एज ऑटोमो टिक इंडेक्स में शामिल कंपनियों की इक्विटी और उनके संबंधित सिक्योरिटीज में निवेश किया जाएगा। इसके साथ, शेष 0 से 5 फीसदपी तक का आवंटन मनी मार्केट इंस्ट्रूमेंट्स में किया जा सकता है।

# आइपीएल के पहले मैच में आज आमने-सामने होंगे केकेआर -आरसीबी

**मुम्बई (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 18 सत्र का पहला मुकाबला गत विजेता कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) और उपविजेता रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के बीच शनिवार को कोलकाता के ईडन गार्डन में खेला जाएगा। इस बार दोनो ही टीमें नये कप्तानों के साथ उतरेंगी। केकेआर की कप्तानी जहां आजिंक्य रहाणे करेंगे, वहीं आरसीबी की कमान रजत पाटीदार संभालेंगे। पिछले साल केकेआर ने जबरदस्त प्रदर्शन कर ट्रॉफी जीती थी। जिसे अब वह बरकरार रखना चाहेगी।

दोनों ही टीमों के रिकॉर्ड को देखें तो केकेआर इस मैच में आरसीबी पर भारी पड़ती दिख रही है। इसका कारण है कि केकेआर अपने घरेलू मैदान पर ये मुकाबला खेल रही है जिसका लाभ उसे मिलेगा। रहाणे की कप्तानी वाली केकेआर काफी संतुलित है पर इसके बाद भी उसके लिए जीतना इतना भी आसान नहीं होगा क्योंकि आरसीबी काफी मजबूत टीम है। उसके पास विराट कोहली जैसा अनुभवी बल्लेबाजी है। पिछले साल केकेआर के लिए खेलने वाले फिल सॉल्ट भी इस बार आरसीसी से खेल रहे हैं और वह केकेआर की रणनीति अच्छी तरह से जानते हैं।



इसके अलावा आज तक एक बार भी खिताब नहीं जीत पायी आरसीबी इस बार कोई कसर नहीं छोड़ना चाहेगी। आरसीबी को इस बार अपना सपना पूरा करने के लिए पहले ही मैच से अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। वहीं अंतिम ग्यारह की बात करें तो विराट के साथ साल्ट पारी शुरु कर सकते हैं। वहीं देवदत्त पडिक्कल नंबर तीन पर जबकि पाटीदार नंबर चार पर बल्लेबाजी कर सकते हैं। टीम जितेश शर्मा, क्रुणाल पांड्या और भुवनेश्वर कुमार को भी अंतिम ग्याहर में शामिल कर सकती है। टीम को हालांकि अनुभवी बल्लेबाज फॉफ डूप्लेसी और ग्लेन मैक्सवेल की कमी खलेगी।

रहाणे के लिए इसलिए भी परेशानी है क्योंकि इस बार कोच के तौर पर टीम के पास गौतम गंभीर नहीं हैं। साल्ट के नहीं होने से टीम पारी की शुरुआत सुनील नरेन और क्विंटन डी कॉक से करा सकती है। रहाणे नंबर तीन पर बैटिंग के लिए आ सकते हैं। वेंकटेश अय्यर और रिंकू सिंह की के अलावा टीम को आंद्रे रसेल और रमनदीप सिंह से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद रहेगी। टीम के लिए मिस्ट्री स्पिनर वरुण चक्रवर्ती अंतर पैदा कर सकते हैं। उनके अलावा टीम के पास नरेन जैस स्पिनर भी है जो विरोधी पारी को ध्वस्त करने में सक्षम है। वहीं दूसरी ओर आरसीबी के पास विराट , रजत और देवतत्त जैसे बल्लेबाज हैं। पारी की शुरुआत के लिए उसके पास साल्ट जैसा आक्राम बल्लेबाज हैं। गेंदबाजी की बात करें तो उसके पास जोश हेजलवुड, भुवनेश्वर कुमार जैसे गेंदबाज हैं।

आंकड़ों पर नजर डालें तो केकेआर और आसीबी के बीच अभी तक कुल 34 मैच खेले गए हैं। इसमें से 20 मैचों में केकेआर जीती है जबकि 14 में आरसीबी को जीत मिली है।

### दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं

**कोलकाता नाइट राइडर्स :** अजिंक्य रहाणे (कप्तान), सुनील नरेन, क्विंटन डी कॉक (विकेटकीपर), वेंकटेश अय्यर, अंगकृष रघुवंशी, रिंकू सिंह, आंद्रे रसेल, रमनदीप सिंह, स्पेंसर जॉनसन, वैभव अरोड़ा, हर्षित राणा/वरुण चक्रवर्ती

**रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर :** रजत पाटीदार (कप्तान),फिलिप साल्ट, विराट कोहली , देवदत्त पडिक्कल, लियाम लिविंगस्टन, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), टिम डेविड, क्रुणाल पांड्या, भुवनेश्वर कुमार, जोश हेजलवुड, यश दयाल, सुयश शर्मा/रसिक डार सलाम

# ऋषभ चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करें : रैना



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना ने आईपीएल से ठीक लखनऊ सुपर जायंट्स के नये कप्तान ऋषभ पंत को सलाह दी है कि वह चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करें। रैना का मानना है कि इससे ऋषभ को बेहतर तरीके से पारी समाप्त करने का अवसर मिलेगा। रैना ने कहा कि मुझे लगता है कि यह सत्र ऋषभ के लिए काफी अहम होगा। इसमें बेहतर प्रदर्शन कर वह छोटे प्रारुप के लिए भी भारतीय टीम में विकेटकीपर बल्लेबाज के तौर पर अपनी दावेदारी मजबूत करना चाहेंगे। रैना ने कहा कि अगर आप उनकी कप्तानी देखेंगे, तो वह काफी खुशमिजाज और काफी इनोवेटिव हैं। उनमें वह शांति और चतुर नेतृत्व क्षमता जो कप्तानी के लिए जरुरी है। मैं वास्तव में चाहता हूं कि वह तीसरे नंबर पर खेलें। लेकिन उनकी टीम को देखें, उनके पास निकोलस पूरन, डेविड मिलर और एडेन मार्करम हैं जैसे बल्लेबाज है। ऐसे में मुझे लगता है कि वह चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करेंगे, क्योंकि तब उनकी बल्लेबाजी लाइन-अप में काफी गहराई होगी। मैं वास्तव में चाहता हूं कि वह चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करें, क्योंकि तब शायद वह टीम के लिए फिनिशर की भूमिका निभा सकेंगे।

इस क्रिकेटर को पिछले साल की मेगा नीलामी में लखनऊ ने रिकॉर्ड 27 करोड़ रुपए में खरीदा था। इससे वह आईपीएल के सबसे महंगे खिलाड़ी बने थे। इस विकेटकीपर बल्लेबाज ने पहले 43 मैचों में दिल्ली कैपिटल्स की कप्तानी की थी। रैना को यह भी लगता है कि उनके लिए राह आसान नहीं है। टीम के तेज गेंदबाज मयंक यादव, अवेश खान, आकाश दीप और मोहसिन खान अभी तक फिट नहीं हुए हैं। पास हालांकि रवि बिश्नोई जैसा अच्छा स्पिनर है।

# सचिन सहित पूर्व क्रिकेटरों को पेंशन दे रही बीसीसीआई

**मुम्बई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) खेल से संन्यास लेने वाले खिलाड़ियों की देखभाल और उनके योगदान के प्रति सम्मान देने के लिए खिलाड़ियों को पेंशन भी देती है। महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर सहित सभी खिलाड़ियों को ये पेंशन दी जाती है। ये पेंशन खिलाड़ियों द्वारा खेले गए टेस्ट मैचों की संख्या पर भी निर्भर करती है। यानी, जितने अधिक टेस्ट मैच खेले गए होंगे, पेंशन उतनी ही ज्यादा होगी। यह योजना क्रिकेटरों की लंबी सेवा और उनके योगदान को सम्मान देने के लिए लागू की गई है।


सचिन को बीसीसीआई की ओर से हर महीने 70,000 रुपये की पेंशन दी जाती है। यह राशि उनकी क्रिकेट यात्रा और उनकी उपलब्धियों को देखते हुए तय की गई है। सचिन के अलावा कई अन्य पूर्व क्रिकेटरों को भी बीसीसीआई की ओर से पेंशन दी जाती है। जैसे कि युवराज सिंह को हर महीने 60,000



रुपये की पेंशन मिलती है, जबकि पूर्व भारतीय क्रिकेटर विनोद कांबली को हर महीने 52 हजार की राशि मिलती है। यह पेंशन योजना उन खिलाड़ियों के लिए एक सम्मान के रूप में देखी जाती है, जिन्होंने अपने करियर में भारत के लिए खेलते हुए अहम योगदान दिया है। क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद भी बीसीसीआई अपने पूर्व खिलाड़ियों की आर्थिक सुरक्षा तय करने के लिए जारी रखे हुए हैं। इसका कारण है कि कई पूर्व क्रिकेटर आर्थिक तौर पर सक्षम नहीं है। बीसीसीआई अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटरों के अलावा रणजी खेलने वाले क्रिकेटरों को भी ये सुविधा देता है।

# आईपीएल मुकाबले यहां देखे जा सकेंगे, कई नये रिकार्ड बनने की संभावना

**मुम्बई (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का 18 वां सत्र शनिवार से शुरु हो रहा है। इसमें शुरुआती मुकाबला गत विजेता कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और उपविजेता रही रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के बीच खेला जाएगा। दोनो ही टीमों इस मैच में जीत दर्ज कर टूर्नामेंट में अच्छी शुरुआत करने उतरेंगी। प्रशंसक भी पिछले काफी समय से आईपीएल का इंतजार कर रहे हैं। वे इसे देश में स्टार स्पोर्ट्स पर देख सकेंगे। इन मुकाबलों की कमेंट्री हिंदी और अंग्रेजी के अलावा स्टार स्पोर्ट्स चैनल पर कई क्षेत्रीय भाषाओं में भी होगी। वहीं डिजिटल स्ट्रीमिंग की बात करें तो जियोहॉटस्टार पर इन मैचों की लाइव स्ट्रीमिंग देखी जा सकती है। आईपीएल 2025 के ये मैच भारतीय समयानुसार शाम 7 बजकर 30 मिनट पर शुरू होंगे जबकि डबल हेडर (एक ही दिन में दो मैच) जिस देन होंगे। उस दिन दूसरा मैच दोपहर 3 बजकर 30 मिनट पर शुरु होगा।



आईपीएल 2025 की शुरुआत 22 मार्च, 2023 को होगी और इसका खिताबी मुकाबला 25 मई, 2025 को खेला जाएगा। इस सत्र में 10 टीमों के बीच 13 जगहों पर 74 मैच होंगे। अहम बात ये है कि कोलकाता के ईडन गार्डन्स में शुरुआती मैच के अलावा फाइनल भी होगा। आईपीएल 2025 का उद्धघाटन समारोह 22 मार्च यानी शनिवार को शाम 6 बजे से शुरु होगा। इसमें श्रेया घोषाल, दिशा पाटनी जैसी मशहूर बॉलीवुड हस्तियां अपना कार्यक्रम पेश करेंगी। उद्घाटन समारोह का प्रसारण भी टीवी पर स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क और लाइव स्ट्रीमिंग के जरिए देखा जा सकता है।

आईपीएल में हर सत्र में नये रिकार्ड बनते हैं। इस बार भी ऐसा ही होने की संभावना है। अभी तक इस लीग में सबसे बड़े स्कोर का रिकार्ड वेस्टइंडीज के क्रिस गेल के नाम है। साल 2013 सत्र में गेल ने 66 गेंदों पर ही नाबाद 175 रन बनाये थे। वहीं इससे पहले साल 2008 में बैंडन मैकुलम ने 73 गेंदों पर नाबाद 158 रन बनाए थे, ये इस लीग का दूसरा सबसे अधिक व्यक्तिगत स्कोर है। भारतीय खिलाड़ियों की बात करें तो 2020 के सीजन में केएल राहुल ने 69 गेंदों पर 132 रनों की नाबाद पारी खेली थी, जो आईपीएल में किसी भारतीय बल्लेबाज द्वारा बनाया गया सर्वाधिक स्कोर है। गेंदबाजी में अब तक स्पिनर युजवेंद्र चहल ने आईपीएल में सबसे ज्यादा 205 विकेट लिए हैं। इस बार आईपीएल 2025 में भुवनेश्वर कुमार 181 विकेट, सुनील नरेन 180 विकेट और रविचंद्रन अश्विन 180 विकेट के पास 200 विकेटों का आंकड़ा हासिल करने का अच्छा अवसर है।

# बीसीसीआई ने आईपीएल 2025 पैनल में नये अंपायरों को अवसर दिया

मुम्बई । भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने आईपीएल के नए सत्र के लिए अंपायरिंग पैनल घोषित कर दिया है। इस बार बोर्ड ने सात नए अंपायरों को स्वरूपानंद कन्नूर, अभिजीत भट्टाचार्य, पाराशर जोशी, अनीश सहस्त्रबुद्धे, केयुर केलकर, कौशिक गांधी और अभिजीत बेंगरी को अवसर दिया है। वहीं अनुभवी अंपायर एस रवि और सीके नंदन मेंटॉर की भूमिका निभाएंगे। आईपीएल का पहला मैच कोलकाता के ईडन गार्डंस स्टेडियम में केकेआर और आरसीबी के बीच होगा। बीसीसीआई ने नए अंपायरों को अवसर इसलिए दिया है जिससे कि उन्हें दवाब वाले मैचों का अनुभव मिले। अंपायरों में शामिल कौशिक गांधी तमिलनाडु के पूर्व क्रिकेटर हैं। कौशिक ने 34 फर्स्ट क्लास मैच भी खेले हैं। अंपायर के तौर पर ये उनका यह दूसरा ही सत्र है। अभी तक कौशिक ने महिला अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैचों और महिला प्रीमियर लीग में अंपायरिंग की है। अंतर्राष्ट्रीय अंपायरों में इस बार श्रीलंका के कुमार धर्मसेना आईपीएल नजर नहीं आएंगे। इसके अलावा आईपीएल 2024 में अंपायरिंग करने वाले अनिल चौधरी भी इस बार नहीं दिखेंगे।



# आईपीएल में इस बार ओपनिंग करना चाहते हैं नरेन

मुम्बई। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के स्टार खिलाड़ी सुनील नरेन ने कहा है कि वह इस सत्र में पारी की शुरुआत करना चाहते हैं। नरेन टीम में गेंदबाज के तौर पर काफी पहले से जुड़े थे पर वह अपनी आक्रामक बल्लेबाजी को लेकर भी चर्चाओं में रहते हैं। रहस्यमी गेंदबाज के तौर पर चर्चित नरेन ने कई आक्रामक पारियां भी खेली हैं। गौतम गंभीर के कोच रहते नरेन लगातार पारी शुरु करते रहे हैं। आईपीएल में सुनील नरेन ने बतौर ओपनर 180 की स्ट्राइक रेट से 488 रन बनाए हैं। नरेन ने संकेत दिए कि वह इस सत्र में पारी शुरु करना चाहेंगे। आईपीएल 2024 तक नरेन टीम के लिए पिंच हिटर की भूमिका निभाते रहे हैं पर गंभीर के कार्यकाल में नरेन ने फिल साल्ट के साथ कई यादगार पारियां खेली हैं। नरेन ने कहा कि मैं अपनी टीम की जरूरत और हालात के मुताबिक खेलने को तैयार हूं पर मुझे बतौर ओपनर के तौर पर खेलना काफी पसंद है। बतौर ओपनर 2024 में नरेन ने 56 गेंदों पर 109 रन की पारी खेली। .नरेन ने कहा कि वह टीम की जरूरत के अनुसार उतरेंगे पर इस बात में कोई दो राय नहीं कि मुझे पारी शुरु करना पसंद है। खासकर, पिछला साल मेरे लिए बतौर ओपनर अच्छा रहा, लेकिन मैं अपनी टीम की जरूरतों के हिसाब से बल्लेबाजी क्रम बदलने को तैयार हूं। नरेन लंबे समय से केकेआर का हिस्सा हैं। अब तक कोलकाता नाइट राइडर्स ने 3 बार टाइटल अपने नाम किया है. कोलकाता नाइट राइडर्स की सफलता में नरेन का बड़ा योगदान माना जाता है। वह आईपीएल इतिहास के एकमात्र खिलाड़ी हैं, जिन्हें तीन बार प्लेयर ऑफ द सीजन का खिताब मिला है। उनकी यह सफलता उनकी अद्भुत गेंदबाजी और शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन को साबित करती है।



# फ्रेजर को आईपीएल में अच्छा प्रदर्शन करना होगा : गिलक्रिस्ट

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के स्टार ऑलराउंडर एडम गिलक्रिस्ट ने आईपीएल में दिल्ली कैपिल्स की ओर से खेलने वाले युवा बल्लेबाज जैक फ्रेजर मैक्गर्क से कहा है कि उन्हें टीम में बने रहने बेहतर प्रदर्शन करना होगा। गिलक्रिस्ट ने कहा कि अगर फ्रेजर अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाते हैं तो वह अधिक दिन आईपीएल नहीं खेल पायेंगे। इस युवा क्रिकेटर ने पिछले साल आईपीएल में डेब्यू किया था और अपनी आक्रामक बल्लेबाजी से सभी को प्रभावित किया पर इस बार ऑस्ट्रेलियाई घरेलू क्रिकेट में बल्ले से रन नहीं निकल रहे हैं। गिलक्रिस्ट ने बड़े ही स्पष्ट शब्दों में कहा है कि आईपीएल यह बर्दाश्त नहीं करता कि आप परिणाम नहीं दे रहे हैं।

गिलक्रिस्ट ने कहा कि दिल्ली ने फ्रेजर मैक्गर्क के ऊपर बहुत भरोसा जताया है। इसलिए यह बहुत अहम हो जाता है कि वह अग टीम को अच्छी शुरुआत दें। पूर्व ऑस्ट्रेलियन विकेटकीपर-बल्लेबाज ने कहाकि जहां तक मैं जानता हूं आईपीएल में मालिक और कोच इतना मेहरबान नहीं होते। अगर आप बहुत लंबे समय तक असफल रहते हैं तो आपको सहन नहीं किया जाएगा। गौरतलब है कि हालिया खराब फॉर्म के बावजूद दिल्ली कैपिटल्स की टीम ने फ्रेजर-मैक्गर्क पर भरोसा जताया है। ऐसी उम्मीद है कि वह फाफ डू प्लेसिस के साथ टीम के लिए पारी की शुरुआत करेंगे।



गिलक्रिस्ट ने कहा कि अरुण जेटली स्टेडियम की बल्लेबाजों के अनुकुल पिच मैक्गर्क के लिए सहायक हो सकती है। पिछले साल उन्होंने जिन पिचों पर बल्लेबाजी की थी वो बल्लेबाजी पिचें थीं। इस बार भी हालात वैसे ही रहेंगे। अब उनके पास अवसर है कि वह किस तरह का प्रदर्शन करते हैं। गौरतलब है कि इस आक्रामक बल्लेबाज को शेफील्ड शील्ड टूर्नामेंट दक्षिण ऑस्ट्रेलिया की टीम में सीमित मौके मिले हैं। ऐसे में उनका फर्स्ट क्लास करियर भी बहुत आगे नहीं बढ़ पाया है।

वहीं पिछले आईपीएल सत्र की बात करें तो फ्रेजर ने अच्छी बल्लेबाजी की थी। उन्हें विकल्प के तौर पर शामिल किया गया था। इस बल्लेबाज ने अवसर का फायदा उठाते हुए नौ पारियों में 234.04 की स्ट्राइक रेट से 330 रन बनाए थे। हालांकि आईपीएल 2024 के बाद टी20 में उनके आंकड़े उतने प्रभावी नहीं रह गए।

# शुभमन बोले, कप्तानी को बल्लेबाजी से मिलाना ठीक नहीं

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल ने कहा है कि कप्तानी में सफलता के लिए इसके साथ बल्लेबाजी को कभी भी मिलाना नहीं चाहिये। इन्हें अलग रखना ही टीम के लिए फायदेमंद रहता है। शुभमन के अनुसार अगर आप कप्तानी और बल्लेबाजी को मिला देते हैं तो वह नुकसानदेह साबित होता है। शुभमन पिछले सत्र में ही हार्दिक पांड्या की जगह गुजरात टाइटंस के कप्तान बने। इस युवा कप्तान ने अभ्यास सत्र से पहले कहा, ''कप्तानी और बल्लेबाजी को जितना अलग रखेंगे, उतना ही अच्छा है। मेरा अनुभव यही है कि अगर मैं बल्लेबाजी करने जा रहा हूं तो बल्लेबाजी पर ही ध्यान दूं। उस समय एक बल्लेबाज के तौर पर जो फैसले मैं लेता हूं, वह मेरे लिए सर्वश्रेष्ठ होते हैं। वहीं, जब हम फील्डिंग कर रहे होते हैं तब मैं कप्तानी से ज्यादा जुड़ता हूं। बल्लेबाजी करते समय बल्लेबाज के रूप में रहना ही मेरे लिए अच्छा है।''

उन्होंने साथ ही कहा, ''बतौर कप्तान आप प्रतिदिन कुछ नया सीखते हैं, खिलाड़ियों के बारे में या अपने बारे में। अच्छा कप्तान बनने के लिए इन चीजों पर काम करना जरूरी है।'' शुभमन ने 2023 सीजन के दौरान 890 रन बनाए थे, लेकिन अगले सीजन जब वे कप्तान बने तो उनके रनों की संख्या आधे से ज्यादा घटकर 426 रन रह गई थी। यहां तक कि स्ट्राइक रेट भी 157.70 से घटकर 147.40 रह गया था। टीम की हालत भी अच्छी नहीं रही थी और वह प्लेऑफ की दौड़ से भी दूर रही थी। गिल ने क्रिकेट निदेशक विक्रम सोलंकी और मुख्य कोच आशीष नेहरा को रणनीतिक मामलों में उनकी सहायता करने के लिए धन्यवाद दिया और कहा कि इनके अनुभवों से मुझे काफी कुछ सीखने को मिला है।



# आईपीएल में इस बार नजर आयेंगे ये बदलाव

मुम्बई । इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का 18 वां सत्र शनिवार से शुरु हो जाएगा। इसमें कई बदलाव भी दिखेंगे। जहां गेंदबाज गेंद पर लार लगा सकेंगे, वही दूसरी पारी में नई गेंद का इस्तेमाल और वाइड गेंदों के लिए हॉक आई का इस्तेमाल भी किया जा सकेगा। वाइड गेंद के लिए हॉक आई टेक्नीक का प्रयोग होगा। इसका इस्तेमाल करके अंपायर खिलाड़ी के ऊपर से जाने वाली गेंद और ऑफ स्टंप के बाहर जाने वाली गेंद के बारे में फैसला कर सकेंगे। वहीं लार पर लगे प्रतिबंध के हटने के बाद अब गेंदबाज लार लगाकर गेंद को चकमा सकेंगे। दूसरी पारी में दूसरी नई गेंदआईपीएल के कई मैचों में ओस एक अहम भूमिका निभाती है। इसके चलते कई बार दूसरी पारी में गेंदबाजी करने वाली टीम को नुकसान उठाना पड़ता है। गेंद ओस से गीली हो जाने के चलते गेंदबाजों का इस पर नियंत्रण नहीं रह जाता है और बल्लेबाजों को लाभ होता है। आईपीएल में अब इस परेशानी से निपटने के लिए अब दूसरी पारी के 11वें ओवर में नई गेंद के इस्तेमाल का प्रावधान किया जा रहा है। एक बीसीसीआई अधिकारी के मुताबिक यह नियमों में बदलाव नहीं हैं। यह मैच खेल रही दोनों टीमों और अंपायरों की सहमति से लिया जाने वाला फैसला होगा। दूसरी गेंद बिल्कुल नई नहीं होगी, बल्कि इसे घिसकर पुराना बनाया जाएगा। यह नियम भी रात वाले मैचों में लागू होगा। वहीं ओवर रेट के लिए कप्तानों पर प्रतिबंध नहीं लगेगा। वहीं अभी तक ओवर रेट के लिए कप्तानों पर प्रतिबंध लगता था। रिपोर्ट्स के मुताबिक इसकी जगह कप्तानों को नकारात्मक अंक दिए जाएंगे।

# टाइटंस की ओर से खेलने को लेकर उत्साहित सिराज आरसीबी छोड़कर भावुक हुए

नई दिल्ली। पिछले सीजन में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की खेलने वाले तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज इस बार आईपीएल में गुजरात टाइटंस की ओर से खेलेंगे। सिराज को नीलामी में गुजरात ने के12.25 करोड़ रुपये में खरीदा था। सिराज ने कहा, 'नए सत्र से पहले गुजरात की टीम से जुड़कर अच्छा लग रहा है पर आरसीबी को छोड़ना भी मेरे लिए आसान नहीं है क्योंकि उसमे विराट भाई ने मुश्किल समय में मेरा बहुत साथ दिया था।' सिराज जब सनराइजर्स हैदराबाद छोड़कर आरसीबी से जुड़े थे तो तब कप्तान रहे विराट ने उनका काफी साथ दिया था। सिराज ने कहा, 'अगर आप गुजरात के कप्तान शुभमन गिल की बात करते हैं तो वह गेंदबाजों का कप्तान है। वह कभी आपको कुछ नया करने या अपनी रणनीति लागू करने से नहीं रोकता है। हम दोनों ने एक साथ टेस्ट क्रिकेट में डेब्यू किया था और हमारे बीच अच्छी दोस्ती है।' गुजरात टाइटंस के पास तेज गेंदबाज के तौर पर कागिसो रबाडा, राशिद खान, इशांत शर्मा और गेराल्ड कोएत्जी जैसे कुछ अनुभवी तेज गेंदबाज हैं और सिराज ने कहा कि इससे उनका कुछ बोझ कम हो जाएगा। उन्होंने कहा, 'यह वास्तव में बहुत अच्छी बात है क्योंकि आपके पास इतना अच्छा गेंदबाजी आक्रमण है जो स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देगा और ये टीम के लिए अच्छा है। इन गेंदबाजों को अधिक मार्गदर्शन की आवश्यकता नहीं है और वे अपनी रणनीति को अच्छी तरह से जानते हैं।'

# स्विस ओपन : भारत के शंकर सुब्रमण्यम ने विश्व के नंबर दो खिलाड़ी को हराकर किया उलटफेर

**बेंगलुरू (एजेंसी)।** बासेल - भारत के शंकर मुथुसामी सुब्रमण्यम ने डेनमार्क के विश्व में नंबर दो खिलाड़ी एंडर्स एंटोनसेन को तीन गेम के रोमांचक मुकाबले में उलटफेर का शिकार बनाकर यहां स्विस ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। विश्व जूनियर चैंपियनशिप 2022 के रजत पदक विजेता और वर्तमान में दुनिया में 64वें नंबर के 21 वर्षीय खिलाड़ी सुब्रमण्यम ने अपने रक्षण का प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए तीन बार के विश्व चैंपियनशिप पदक विजेता को 66 मिनट में 18-21 21-12 21-5 से हराया।

तमिलनाडु के रहने वाले सुब्रमण्यम के करियर की यह सबसे बड़ी जीत है। उनका अगला मुकाबला फ्रांस के विश्व में 31वें नंबर के खिलाड़ी क्रिस्टो पोपोव से होगा जिन्होंने इस सत्र में अभी तक अच्छा प्रदर्शन किया है। सुब्रमण्यम टूर्नामेंट में बचे एकमात्र भारतीय एकल खिलाड़ी हैं, जबकि त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की महिला युगल जोड़ी भी क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई है।

विश्व में नौवें नंबर की भारतीय जोड़ी में गुरुवार को खेले गए मैच में जर्मनी की एमिली लेहमैन और सेलिन हब्श को 21-12, 21-8 से हराया। अन्य भारतीय खिलाड़ियों में इशरानी बरुआ चीन की हान कियान शी से 63 मिनट में 19-21, 21-18, 18-21 से जबकि अनुपमा उपाध्याय महिला एकल के एक अन्य मैच में इंडोनेशिया की पुत्री कुसुमा वर्दानी से 17-21, 19-21 से हार गईं।

सतीश करुणाकरन और आद्या वरियाथ की मिश्रित युगल जोड़ी को लियू कुआंग हेंग और झेंग यू चीह से 14-21, 16-21 से हार का सामना करना पड़ा। सुब्रमण्यम ने एंटोनसेन के खिलाफ सटीक खेल दिखाया जबकि डेनमार्क के खिलाड़ी का अपने शॉट पर नियंत्रण नहीं था। शुरुआती गेम में दोनों के बीच कड़ा मुकाबला हुआ, जिसमें बढ़त बार-बार बदलती रही। ब्रेक के समय एंटोनसेन केवल एक अंक की बढ़त बना सके।

बाएं हाथ से खेलने वाले सुब्रमण्यम ने स्कोर 16-14 कर दिया, लेकिन दबाव बरकरार नहीं रख सके और एंटोनसेन ने पहला गेम अपने नाम कर लिया। दूसरे गेम में स्थिति एकदम से बदल गई और सुब्रमण्यम ने डेनमार्क के खिलाड़ी को कोई मौका नहीं दिया। एंटोनसेन ने निराशा में अपने रैकेट को लात भी मारी। सुब्रमण्यम ने पहले 8-4 और फिर ब्रेक तक 11-6 की बढ़त हासिल की।

एंटोनसेन ने एक और शॉट बाहर मारा जिससे भारतीय खिलाड़ी ने दूसरा गेम जीतकर मुकाबला बराबरी पर ला दिया। तीसरे गेम के शुरू में स्कोर एक समय 3-3 से बराबर था लेकिन इसके बाद एंटोनसेन ने पूरी तरह से नियंत्रण खो दिया और कई अप्रत्याशित गलतियां कीं, जिससे भारतीय खिलाड़ी ने ब्रेक तक 11-3 की बढ़त बना ली। सुब्रमण्यम ने इसके बाद भी अच्छा प्रदर्शन जारी रखा और मैच अपनी झोली में डाल दिया।



# चैंपियंस ट्रॉफी से नुकसान नहीं 3 अरब रुपये का लाभ हुआ : पीसीबी

लाहौर । पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने कहा है कि आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी से उसे नुकसान नहीं फायदा ही हुआ है। पीसीबी ने कहा कि हाल में ये खबरें आईं थीं कि चैम्पियंस ट्रॉफी में 869 करोड़ रुपये खर्च करने के बाद भी उसे कुछ नहीं मिला जो आधारहीन बात है। पीसीबी के प्रवक्ता आमिर मीर और मुख्य वित्तीय अधिकारी (सीएफओ) जावेद मुर्तजा ने कहा कि इस आईसीसी टूर्नामेंट से पीबीबी का राजस्व काफी बढ़ा है। पीसीबी प्रवक्त ने कहा कि उसे 3 अरब रुपये का लाभ हुआ है। मीर ने कहा, टूर्नामेंट के सभी खर्च आईसीसी ने उठाए थे। पीसीबी ने गेट मनी और टिकटों की बिक्री से राजस्व अर्जित किया और ऑडिट के बाद, हमें आईसीसी से अतिरिक्त 3 अरब रुपये मिलने की उम्मीद है। मीर ने आगे कहा कि बोर्ड ने चैंपियंस ट्रॉफी से 2 अरब रुपये की कमाई का शुरुआती लक्ष्य रखा था पर उसने इस लक्ष्य को पार कर लिया। इस टूर्नामेंट का फाइनल दुबई में खेला गया था जहां भारत ने न्यूजीलैंड को 4 विकेट से हराया था। मीर ने बोर्ड के अध्यक्ष मोहसिन नकवी की भी बेहतर वित्तीय स्थिति के लिए सराहना की, क्योंकि उन्होंने पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में 40 फीसदी अधिक लाभ कमाया।

# जगन शक्ति की मूवी में तमन्ना की एंट्री?

## साथ दिखेंगे अजय देवगन



निर्देशक जगन शक्ति की आगामी फिल्म में कथित तौर पर तमन्ना भाटिया नजर आएंगी। वहीं इस फिल्म में उनके साथ अजय देवगन और संजय दत्त की भी होने की उम्मीद है। इस फिल्म की शूटिंग मार्च के आखिर में शुरू होगी। यह एक एक्शन-ड्रामा फिल्म हो सकती है। तमन्ना भाटिया मिशन मंगल फिल्म निर्माता जगन शक्ति द्वारा निर्देशित एक रोमांचक नई फिल्म में अजय देवगन और संजय दत्त के साथ स्क्रीन शेयर करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। हालांकि, फिल्म के बारे में अभी तक कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। फिल्म में तीनों का एक्शन अवतार देखने को मिल सकता है।



कथित तौर पर इस फिल्म का नाम रेंजर रखा गया है। इसे लव फिल्म्स बना रही है, जिसके साथ अजय देवगन पहले दे दे प्यार दे फिल्म पर काम कर चुके हैं। इस फिल्म में संजय दत्त विलेन की भूमिका निभाएंगे। इस फिल्म की शूटिंग मार्च के आखिर में शुरू होगी। खबर के मुताबिक, फिल्म के डायरेक्टर जगन शक्ति ने तमन्ना भाटिया को मुख्य भूमिका के लिए चुना है। तमन्ना अप्रैल के पहले हफ्ते में अजय देवगन और संजय दत्त के साथ शूटिंग शुरू करेंगी। यह फिल्म एक्शन और रोमांच से भरी होगी।

### मार्च के आखिरी में शुरू होगी फिल्म की शूटिंग

कथित तौर पर तमन्ना इस फिल्म का हिस्सा बनने के लिए बहुत उत्साहित हैं। उनकी भूमिका अच्छी तरह लिखी गई है और इसमें एक खास मोड़ भी है। उन्होंने फिल्म के लिए अपनी कई तारीखें दी हैं और तैयारी शुरू कर दी है। तमन्ना ने डायरेक्टर जगन शक्ति के साथ स्क्रिप्ट पर भी कई बार चर्चा की है। फिल्म में कई बड़े कलाकार होंगे, लेकिन उनके नाम अभी छिपाए गए हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म को पूरे साल में अलग-अलग चरणों में शूट किया जाएगा और 2026 में सिनेमाघरों में बड़े स्तर पर रिलीज होगी। कथित तौर पर यह एक महंगी फिल्म होगी। फिल्म में नए तरह के सीक्स होंगे और अजय नई तकनीक से कुछ खास करने के लिए तैयार हैं।



## सिकंदर की रिलीज से पहले लाफ्टर शेफ्स में नजर आएंगे सलमान

बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म सिकंदर की रिलीज के लिए पूरी तरह तैयार हैं, जिसमें रश्मिका मंदाना भी मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म इस महीने के अंत में रिलीज होने वाली है। ऐसे में अब सलमान खान ने फिल्म का प्रचार भी शुरू कर दिया है। अब खबर आई है कि सलमान खान सिकंदर का प्रचार एक शो में करेंगे।

रिपोर्ट्स के अनुसार, सलमान खान फिल्म को प्रमोट करने के लिए लाफ्टर शेफ्स-अनलिमिटेड एंटरटेनमेंट सीजन 2 में नजर आएंगे। इंडिया फोरम की रिपोर्ट में दावा किया गया है कि सलमान खान की आगामी एपिसोड में कुकिंग-आधारित शो लाफ्टर शेफ्स-अनलिमिटेड एंटरटेनमेंट में एक विशेष उपस्थिति होगी। हालांकि, इस बारे में अभिनेता या निर्माताओं की ओर से आधिकारिक मुहर का इंतजार है।

### इस दिन आएगा फिल्म का ट्रेलर

इससे पहले फिल्म के ट्रेलर पर अपडेट सामने आया था। सलमान खान की सिकंदर का ट्रेलर आठ दिनों के भीतर रिलीज होने वाला है। निर्माताओं ने फैंस के बीच फिल्म को लेकर उत्सुकता बनाए रखने के लिए कई प्रोमो और दो टीजर जारी किए हैं। यहां तक कि फिल्म के दो गाने भी रिलीज हो चुकी हैं। अब खबर है कि फिल्म का ट्रेलर सिनेमाघरों में इसकी रिलीज से ठीक एक हफ्ता पहले जारी किया जाएगा।

### फिल्म की शूटिंग पूरी

आज निर्माताओं ने फिल्म का तीसरा गाना सिकंदर नाचे का टीजर भी जारी किया है। सलमान खान और एआर मुरुगादॉस ने सिकंदर के लिए पहली बार साथ काम किया है। सलमान ने अपने किक के निर्देशक साजिद नाडियाडवाला के साथ फिर हाथ मिलाया है। हाल ही में सलमान खान ने फिल्म का आखिरी सीन शूट किया था, जो इसका डांस नंबर भी था। फिल्म का संपादन पूरा हो चुका है और वीएफएक्स और बैकग्राउंड पर काम चल रहा है।

### कब रिलीज होगी फिल्म

सलमान खान ने फिल्म के लिए डबिंग भी शुरू कर दी थी। इस फिल्म में सलमान खान के साथ रश्मिका मंदाना, काजल अग्रवाल, सत्यराज और प्रतीक बब्बर भी मुख्य भूमिकाओं में हैं। सलमान के साथ यह रश्मिका की पहली फिल्म है। यह फिल्म ईद 2025 के मौके पर 30 मार्च को सिनेमाघरों में आने वाली है।



## इम्तियाज अली बना सकते हैं रॉकस्टार 2

बॉलीवुड निर्देशक इम्तियाज अली कथित तौर पर अपनी फिल्म रॉकस्टार का सीक्वल बन सकता है। जब 2011 में रणबीर कपूर की फिल्म रॉकस्टार रिलीज हुई थी, तब दर्शकों ने इसे बेहद पसंद किया था। यही वजह है कि इस फिल्म का सीक्वल बन सकता है।

क्या बनेगी रॉकस्टार 2 रणबीर कपूर को दर्शकों ने फिल्म रॉकस्टार में जॉर्डन के करिदार में बेहद पसंद किया था। फिल्म की कहानी से लेकर इसका म्यूजिक दर्शकों के बीच काफी मशहूर हुआ। ओटीटी प्ले की एक रिपोर्ट के मुताबिक, इम्तियाज ने कहा है कि शायद अब सही वक्त है कि रॉकस्टार 2 बनाई जाए। सवाल यह है कि क्या यह सच में होगा और अगर हां, तो कब?

### रॉकस्टार को लेकर इम्तियाज का नजरिया

ओटीटीप्ले की एक रिपोर्ट के मुताबिक, इम्तियाज ने हाल ही में एक इंटरव्यू में फिल्म रॉकस्टार को लेकर कहा, कभी ना नहीं कहना चाहिए। हो सकता है कोई नया आइडिया आए और मुझे लगे कि यह रॉकस्टार की कहानी को आगे बढ़ा सकता है। कभी-कभी कोई अजीब विचार भी दिमाग में आ जाता है। इम्ताज की इन बातों से लगता है कि वह रॉकस्टार 2 बना सकते हैं।

### क्या रणबीर कपूर रॉकस्टार 2 में होंगे?

रणबीर की फिल्म एनिमल में उनके किरदार में जॉर्डन जैसी तेजी देखने को मिली थी। जिस तरह उन्होंने भावनाओं को दिखाया, वह लोगों को बहुत पसंद आया। तो अगर स्क्रिप्ट अच्छी हुई, तो रणबीर जॉर्डन या किसी ऐसे ही किरदार में वापसी कर सकते हैं। लेकिन मूल फिल्म में नरगिस फाखरी का किरदार मर गया था, तो उनका सीक्वल में लौटना मुश्किल है।

## गांधारी की शूटिंग हुई पूरी, अभिनेत्री ने फिल्म को लेकर शेयर किए अनुभव



बॉलीवुड की दिग्गज अभिनेत्री तापसी पन्नू जल्द ही एक शानदार फिल्म में नजर आने वाली हैं, जिसके सेट से कुछ तस्वीरें सामने आई हैं। अपनी आगामी फिल्म गांधारी की शूटिंग पूरी होने को लेकर उन्होंने एक बड़ा अपडेट किया है, जिसे लेकर उनके फैंस में उत्साह देखने को मिल रहा है। आइए जानते हैं क्या है पूरी खबर।

### जब वह धारा के विपरीत जाती हैं

हाल ही में तापसी पन्नू ने इंस्टाग्राम पर अपनी आगामी फिल्म 'गांधारी' के सेट से कुछ तस्वीरें शेयर कीं हैं। इन तस्वीरों में अभिनेत्री ने फिल्म की शूटिंग पूरी होने का संदेश दिया है। साथ ही पोस्ट के कैप्शन में अभिनेत्री ने फिल्म से जुड़े अनुभवों को शेयर किया है। इसमें तापसी ने लिखा कि अगर इच्छा शक्ति और धैर्य नाम का कोई फ्यूल होता है, तो उन्होंने इस फिल्म में देखा। इसके अलावा एक्ट्रेस ने कहा कि जब वह धारा के खिलाफ जाने का प्रयास करती हैं, तो उन्हें इसकी कीमत चुकानी पड़ती है। अभिनेत्री ने लिखा कि जल्द ही वह 'गांधारी' लेकर आ रही हैं।

### मां के रोल में दिखेंगी अभिनेत्री

यह वीडियो एक्शन थ्रिलर फिल्म एक अलग तरह के प्यार को दर्शाएगा। फिल्म में मां और बच्चे के बीच गहरे संबंधों को यह फिल्म रेखांकित करेगी। पिछले कुछ महीनों पहले फिल्म को लेकर जारी हुए एक शॉर्ट वीडियो से यह जानकारी मिला थी।

### कनिका ढिल्लों के साथ आएंगी नजर


बता दें कि तापसी पन्नू और कनिका ढिल्लों 'फिर आई हसीन दिलरुबा' में एक साथ काम कर चुकी हैं। इस फिल्म को कनिका ने ही लिखा है। अब एक बार फिर दोनों की जोड़ी इस फिल्म में नजर आएगी।


## निर्देशक अनिल रविपुडी की आगामी फिल्म में नजर आने वाले हैं चिरंजीवी

निर्देशक अनिल रविपुडी ने इस संक्रांति के मौके पर वेंकटेश के साथ संक्रांतिकी वस्तुन्नम जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्म दी। इस फिल्म ने दर्शकों का दिल जीत लिया था। फिल्म ने वैश्विक रूप से बॉक्स ऑफिस पर 300 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई कर संक्रांति के त्योहार को और भी ज्यादा खास बना दिया था। अब अनिल एक नए प्रोजेक्ट के साथ तैयार हैं। उनकी आगामी फिल्म में मेगास्टार चिरंजीवी नजर आने वाले हैं। ताजा खबरों के मुताबिक अनिल ने चिरंजीवी की अगली फिल्म की स्क्रिप्ट पूरी कर ली है। खबर है कि अनिल ने इस फिल्म में एक खास फ्लैशबैक सीन तैयार किया है जो रायलसीमा की पृष्ठभूमि पर आधारित होगा। चिरंजीवी इसमें लंबे समय बाद सीमा बोली में बात करते नजर आएंगे जो फैंस के लिए एक बड़े तोहफे से कम नहीं होगा। फिल्म की शूटिंग जून के पहले हफ्ते से शुरू होने की उम्मीद है।

### इस दिन रिलीज होगी फिल्म

इस प्रोजेक्ट को साहू गरपति अपनी शाइन स्क्रीन्स बैनर तले प्रोड्यूस करेंगे। वर्क फ्रंट की बात करें तो चिरंजीवी इन विश्वभरा के लिए भी काफी ज्यादा चर्चा में हैं। इस फिल्म का निर्देशन मल्लिदी वशिष्ठ ने किया है। फिल्म को इसी साल 9 मई को रिलीज करने की तैयारी है।





## स्टारकिड्स के समर्थन में उतरे हंसल मेहता

फिल्म 'नादानियां' से डेब्यू करने के बाद से सैफ अली खान के बेटे इब्राहिम अली खान लगातार चर्चाओं में बने हुए हैं। वजह है फिल्म को लेकर हो रही आलोचना। फिल्म में इब्राहिम के साथ एक और स्टारकिड खुशी कपूर भी नजर आई थीं। नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई इस फिल्म की काफी आलोचनाएं हो रही हैं और सोशल मीडिया पर तो लोग नेटफ्लिक्स की टीम तक को खरी-खोटी सुना रहे हैं। तो वहीं फिल्म के दोनों कलाकारों को भी लगातार ट्रोल किया जा रहा है। अब दिग्गज फिल्ममेकर हंसल मेहता इन स्टारकिड्स के समर्थन में आए हैं और उन्होंने इन टिप्पणियों को लोगों का खराब टेस्ट बताया है।

### हंसल मेहता ने किया बचाव

बातचीत में निर्देशक-निर्माता हंसल मेहता ने नादानियां फिल्म की आलोचना और स्टारकिड्स के बारे में दर्शकों की राय पर कहा, मुझे लगता है कि लोग बहुत कठोर और गलत हैं। दुख की बात यह है कि क्या हमने इन्हें मौका मिलने से पहले, इन बच्चों की तैयारी देखी है? लोग जिस तरह की टिप्पणियां कर रहे हैं, वे बहुत ही खराब हैं। मुझे यकीन है कि ये टिप्पणियां इन नए बच्चों के लिए काफी दर्दनाक होंगी, लेकिन हम भूल जाते हैं कि एक समय में उनके माता-पिता ने भी बहुत ही अजीब शुरुआत की थी। बात बस इतनी है कि वे उस समय लोगों की नजरों में उतने नहीं थे, जितने अब सोशल मीडिया के कारण हैं।

### स्टारकिड होने से कोई अच्छा एक्टर नहीं हो सकता

हंसल मेहता ने इस बात पर जोर दिया कि फिल्मों को बनाने, निर्माण करने और निर्देशन के लिए जिम्मेदार लोगों को पहले यह सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि कलाकार और उनकी टीम उन्हें लॉन्च करने से पहले पूरी तरह से तैयार हो। निर्देशक ने कहा कि यह मान लेना गलत है कि कोई व्यक्ति सिर्फ अपने वंश के कारण या परिवार के कारण अच्छा एक्टर होगा।

### बड़े बैनर से लॉन्च होना चाहते हैं स्टारकिड

हंसल मेहता ने आगे कहा, स्टारकिड्स किसी बड़े बैनर से ही लॉन्च होना चाहते हैं, भले ही उनके पास कोई बड़ा और बढ़िया आइडिया हो या न हो। वो चाहते हैं कि कोई बड़ा इंसान उन्हें हर समय सलाह देता रहे। फिर जब मैं देखता हूं कि लोग उनका मजाक उड़ा रहे हैं, तो मुझे बहुत दुख होता है। मेरा उनसे बस यही कहना है कि वो अपना सिर नीचे रखें और सिर्फ अपने काम पर ध्यान दें। जैसे ही वे किसी चीज में अच्छा प्रदर्शन करेंगे, चाहे वह बॉक्स ऑफिस पर कितनी भी अच्छी या बुरी क्यों न हो, उन्हें सम्मान मिलेगा। उनका पहला लक्ष्य अपने काम से सम्मान पाना होना चाहिए।

## मां बनने के बाद काम पर लौटने की तैयारी में दीपिका पादुकोण

हाल ही में दीपिका पादुकोण ने एक अंतराष्ट्रीय इवेंट में खुलासा किया कि वह किस तरह जिम्मेदारियों और काम के बीच संतुलन बना रही थीं। अभिनेत्री ने बताया कि वह पता लगा रही थीं कि मां बनने के बाद बिना पश्चाताप के काम पर कैसे लौटें। उन्होंने मां बनने के बाद सिनेमाई परदे पर वापसी को लेकर कहा कि वह इससे जूझ नहीं रही थी, बल्कि समझ रही थी। दीपिका पादुकोण बॉलीवुड की जानी मानी अभिनेत्री हैं, वह जल्द ही फिर से काम पर लौटने वाली हैं। साल 2024 में अभिनेत्री आखिरी बार 'सिंघम अगेन' फिल्म में नजर आई थीं। इस बात से उन्होंने संकेत दे दिया है कि वह बहुत जल्द अपने अभिनय का जादू बिखेरती दिखेंगी।



समाचार गेट
HARHIN11569
स्वामी (मुद्रक, प्रकाशक) रवीना यादव द्वारा साई प्रिंटिंग प्रेस, डी-85, सेक्टर-6, नोएडा 201301, उत्तर प्रदेश से मुद्रित करवाकर कार्यालय मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) से प्रकाशित किया। संपादक: कृष्णा शर्मा। संपादकीय कार्यालय: मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) पीआरपी एक्ट के अंतर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र फरीदाबाद न्यायालय होगा। कानूनी सलाहकार: वृहदमत शर्मा, 9818180269, ईमेल : krishna24news@gmail.com

# निपुण विद्यार्थियों के बुनियादी शिक्षा स्तर सुधार के लिए महत्वपूर्ण कार्यक्रम : एसडीएम तावडू संजीव कुमार

## निपुण हरियाणा मिशन के तहत निपुण संवाद–मीडिया के साथ जिला मीडिया कार्यशाला का आयोजन

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** एसडीएम तावडू संजीव कुमार ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा शुरू किया गया निपुण हरियाणा मिशन प्राथमिक विद्यालयों में विद्यार्थियों को बुनियादी पठन, लेखन और गणना के ज्ञान में समक्ष बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। यह मिशन राष्ट्रीय शिक्षा नीति व निपुण भारत मिशन के तहत निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप कार्य कर रहा है। जिला नूंह में इस मिशन के तहत निरंतर कार्य किया जा रहा है, ताकि विद्यार्थियों की शिक्षा व ज्ञान की नींव को मजबूत किया जा सके।

एसडीएम संजीव कुमार शुक्रवार को लघु सचिवालय के सभागार में निपुण हरियाणा मिशन के तहत निपुण संवाद–मीडिया के साथ जिला मीडिया कार्यशाला में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। इस कार्यशाला के माध्यम से शिक्षा सुधार, सामुदायिक जागरुकता और मीडिया की सक्रिय भागीदारी को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ाना था। एसडीएम ने कहा कि निपुण कार्यक्रम में मीडिया की बड़ी भूमिका है। मीडिया ही ऐसा माध्यम है, जब निपुण मिशन की पूरी रूपरेखा को बच्चे व अभिभावक समझेंगे। यह मिशन बाल वाटिका से कक्षा पांचवी तक चलाया जा रहा है, जहां पर अध्यापकों की भी जिम्मेवारी बनती है कि वे पांचवी कक्षा तक विद्यार्थियों के शिक्षा स्तर में गुणात्मक सुधार की दिशा में कार्य करें तथा निपुण मिशन में नूंह को प्रदेश में नंबर वन जिला बनाएं। उन्होंने कहा कि सकारात्मकता के साथ अगर कोई कार्य किया जाए तो उसके परिणाम भी सार्थक आते हैं। मीडिया जब निपुण मिशन को अधिक प्रचारित व प्रसारित करेगा,



तो विद्यार्थियों को भी मोटिवेशन मिलेगा और वे शिक्षा के प्रति प्रे्ररित होंगे।

नगराधीश आशीष कुमार ने बताया कि निपुण मिशन के तहत स्कूलों में बुनियादी साक्षरता जैसे विद्यार्थियों को कहानी, पैराग्राफ, वाक्य और शब्दों को पढ़ने तथा समझने में सक्षम बनाने की दिशा में कार्य किया जाता है। इसके साथ ही बच्चों को संख्याओं की समझ विकसित करने, गणितीय संक्रियाएं हल करने और तार्किक ढंग से सोचने में सक्षम बनाया जाता है। इसमें खेल–आधारित एवं अनुभवात्मक शिक्षण को बढ़ावा देने व शिक्षण की गुणवत्ता को मापने के लिए सतत निगरानी और मूल्यांकन प्रक्रियाएं की जाती हैं। उन्होंने कहा कि जब बच्चों के शिक्षा स्तर में सुधार आता है तो उनका आत्मविश्वास भी बढ़ता है।

कार्यक्रम में एफएलएल कार्डिनेटर कुसुम मलिक ने बताया कि निपुण मिशन के तहत जिला में शिक्षा विभाग की ओर से महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। बच्चों के शिक्षा स्तर में सुधार के लिए अध्यापक निरंतर मेहनत कर रहे हैं। इस कार्यशाला का उद्देश्य निपुण मिशन की प्रगति, प्राथमिक शिक्षा में सुधार, निगरानी प्रणाली को मजबूत करने और मीडिया की भूमिका पर विचार–विमर्श करना था। इस मिशन को सफल बनाने के लिए शिक्षा विभाग, जिला प्रशासन और स्थानीय निकाय महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभा रहे हैं। सभी प्राथमिक विद्यालयों में मिशन की गतिविधियां सुनिश्चित करने के लिए ब्लॉक स्तर पर मॉनिटरिंग टीमें गठित की गई हैं। उन्होंने प्रजेंटेशन के माध्यम से निपुण योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि निपुण हरियाणा मिशन शिक्षा के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक प्रयास है, जो न केवल बच्चों के शैक्षणिक स्तर को ऊंचा उठा रहा है, बल्कि उनके समग्र बौद्धिक विकास में भी सहायक सिद्ध हो रहा है। यह मिशन सब पढ़ें, सब बढ़ें की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में एक मजबूत कदम है और भविष्य में जिला नूंह में इस दिशा में और तत्परता से कार्य किए जाएंगे। इस वर्कशॉप में पत्रकार हारुन व अन्य भी अपने विचार रखे। इस दौरान, मीडिया प्रतिनिधियों ने नूहं जिले में ड्रॉपआउट दर और अन्य शैक्षिक चुनौतियों पर अपने विचार साझा किए। शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने प्रश्न–उत्तर सत्र के माध्यम से मीडिया के प्रश्नों का उत्तर दिया और निपुण मिशन की प्रभावशीलता को स्पष्ट किया। इस आयोजन में उपस्थित 16 मीडिया प्रतिनिधियों ने सहमति जताई कि शिक्षा में हो रहे सकारात्मक बदलावों को उजागर करना बेहद आवश्यक है। उन्होंने निपुण मिशन को व्यापक स्तर पर प्रचारित करने और समाज में इसकी पहुंच को बढ़ाने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। कार्यशाला में कैवल्य एजुकेशन फाउंडेशन से सीनियर प्रोग्राम मैनेजर नरेंद्र शर्मा ने शिक्षा में सामुदायिक बदलाव और मीडिया की भूमिका पर प्रकाश डाला।

इस कार्यशाला में वरिष्ठ पत्रकार कासिम खान, अनिल मोहनियां, दिनेश देशवाल, आस मोहम्मद, राजीव प्रजापति, दीपक कुमार, ताहिर हुसैन, लियाकत अली, वकील, अनंतराम खटाना, असलम, सोनू वर्मा, जुबैर सहित अन्य पत्रकार व कैवल्य एजुकेशन फाउंडेशन से प्रोग्राम मैनेजर रियाज मीर, सीनियर प्रोग्राम लीडर चंदन वर्मा और मनीष मेहरा, प्रोग्राम लीडर सुमन, गांधी फेलो अभिजीत और विकाश कुमार, तथा एडमिन टीम के राजू और अज़ीज शामिल थे।

# एसडीआईईटी में रक्तदान शिविर आयोजित 150 यूनिट रक्त एकत्रित

**समाचार गोयल/सुमित गोयल**

**फरीदाबाद।** सत्युग दर्शन इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (एसडीआईईटी) द्वारा डिवाइन चैरिटेबल ब्लड बैंक, फरीदाबाद के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन शुक्रवार, 21 मार्च 2025 को स्टूडेंट एक्टिविटी सेंटर, बेसमेंट, एसडीआईईटी में किया गया। यह आयोजन हरियाणा के वीरों और शहीदों के सम्मान में समर्पित था। शिविर में 150 यूनिट रक्त एकत्र किया गया, जिसमें छात्रों, संकाय सदस्यों और कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर डॉ. शैलेन्द्र कुमार प्रधानाचार्य, एसडीआईईटी, श्री पुष्पराज शर्मा रजिस्ट्रार, एसडीआईईटी कैप्टन वी. पी. नागर से.नि., शिविर आयोजक और श्री राकेश कुमार (सहायक प्रोफेसर एवं प्रभारी – एक्सटेंशन गतिविधियाँ, एसडीआईईटी उपस्थित रहे।

इसके अलावा, स्वाति गोयल चेयरपर्सन, डिवाइन चैरिटेबल ब्लड सेंटर एवं जाग्रति महिला समाज सेवा संस्थान, केदारनाथ अग्रवाल (प्रदेश संगठन मंत्री, अग्रवाल वैश्य समाज हरियाणा) और शीतल जैन प्रधान, व्यापार मंडल नहर पार ने भी अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। उन्होंने रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए, अधिक से अधिक लोगों को इस सामाजिक कार्य में योगदान देने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए, श्री राकेश कुमार ने स्वैच्छिक रक्तदान के महत्व और इसके जीवन रक्षक प्रभाव पर जोर दिया। उन्होंने डिवाइन चैरिटेबल ब्लड बैंक के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया और सभी रक्तदाताओं के निःस्वार्थ





योगदान की सराहना की। रक्तदान से पहले और बाद में चिकित्सकीय जांच की गई, जिससे रक्तदाताओं की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। सभी प्रतिभागियों को उनकी समर्पित सेवा के लिए प्रशंसा प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। यह शिविर एसडीआईईटी की समाज सेवा और मानवीय प्रयासों के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। संस्थान भविष्य में भी इस तरह के सामाजिक हित के कार्यक्रमों का आयोजन करता रहेगा।

# रेवाडी-बीकानेर रेलपथ के मरम्मत कार्य में जुटी मशीनें

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** रेवाडी–बीकानेर ब्राडगेज रेल लाईन पर रेल लाईन का मरम्मत कार्य तेजी से किया जा रहा है। यह कार्य मशीनों द्वारा धमीगति से तसल्लीबख्श कार्य किया जा रहा है, जिससे प्रतिदिन करीब 200 मीटर तक रेल लाईन की मरम्मत हो पाती है। गाडियों गति में परिवर्तन लाने के लिए एकसाथ तीन हाइडोलिक मशीनों द्वारा रेल के दुरूस्तीकरण का कार्य पिछले कई दिनों से किया जा रहा है।

डीआरएम बीकानेर के अंतर्गत महेंद्रगढ से कनीना के मध्य रेलवे स्टेशन गुढा केमला के समीप मशीनें इस कार्य में जुटी हुई हैं। जो रेल लाईन की फिसप्लेट, सहतीर सहित लाइन के नीचे डाले गए रोडे तक खंगाल रही हैं। जरूरत के मुताबिक पुराने पार्टस को बदली कर नये पार्ट लगाए जा रहे हैं वहीं रेल लाईन के रोडे मे उगी घास–फूस को निकाल



कर रोडे तक बदली किए जा रहे हैं। रेलवे लाईन का काम चलने के चलते एक्सप्रेस तथा पैसेंजर गाडियां भी रेंगकर गुजर रही हैं। मौसम में आ रहे बदलाव को लेकर रेल लाईन की क्षमता में सुधार किया जा रहा है। जिसकी मरम्मत का कार्य पूरा होने के बाद गाडियों की गति में इजाफा होगा।

# महावीर इंटरनेशनल सोशल फाउंडेशन एवं आरपीएस ग्रुप ने संयुक्त रूप से लगाया रक्तदान शिविर

## शहीदी दिवस सप्ताह के अवसर पर थैलीसीमिया मरीजों के सहायतार्थ रक्तदान शिविर में 58 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया

**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** महावीर इंटरनेशनल सोशल फाउंडेशन एवं आर पी एस ग्रुप ने मिलकर शहीदी दिवस सप्ताह को मनाने टवेल्थ एवेन्यू परिसर में थैलीसीमिया मरीजों के सहायतार्थ आज रक्त दान शिविर लगाया गया, जिसमें 58 यूनिट रक्त इकाई एकत्रित हुआ। आर पी एस ग्रुप का यह पहला शिविर था। महावीर इंटरनेशनल के संरक्षक अजीत पटवा ने आर पी एस ग्रुप के मालिक शांति प्रकाश गुप्ता चेयरमैन,



सी ए राकेश गुप्ता मुख्य प्रबंधक, शशांक गुप्ता, निदेशक और अमन गुप्ता, निदेशक का इस तरह परोपकार का कार्य करने में सहयोग देने का धन्यवाद किया। आर पी एस ग्रुप मानव संसाधन प्रमुख निशात फातमा एवं सहयोगी नीरज सेंगर का रक्त दान शिविर की व्यवस्था बनाने का श्रम अत्यंत सराहनीय रहा। रोटरी बल्ड बैंक ने भी रक्त एकत्रित करने में बहुत मेहनत की। रक्तदान शिविर के साथ साथ स्टेम सेल दान दाता पंजीकरण जैसे जीवन रक्षण की जानकारी दी गई और 20 लोगों ने इस कार्य के लिए पंजीकरण कराया। महावीर इंटरनेशनल सोशल फाउंडेशन के सदस्य ने सभी रक्तदाताओं का, रोटरी बल्ड बैंक का और आर पी एस ग्रुप का आभार जताया।

## श्री जाहरवीर गोगा जी महाराज का 5वां विशाल जागरण कल

**बल्लभगढ़।** श्री जाहरवीर गोगा जी सेवा मंडल बल्लबगढ़ द्वारा एक शाम बागड़ वाले के नाम श्री जाहरवीर गोगा जी महाराज का पांचवा विशाल जागरण एवं भव्य निशान यात्रा जो कि रविवार 23 मार्च 2025 को आयोजित की जा रहा है जिसमें श्री जाहरवीर गोगा जी की भव्य निशान यात्रा सुबह 9:15 बजे हनुमान मंदिर महावीर कॉलोनी से प्रारंभ होकर पूरे शहर में भ्रमण करके वापस कीर्तन स्थल, हनुमान मंदिर, महावीर कॉलोनी में संपन्न होगी साथ ही रात्रि 8:15 बजे से महावीर कॉलोनी, नियर हनुमान मंदिर, गली नंबर 2 मे श्री जाहरवीर गोगा का विशाल जागरण का आयोजन किया जाएगा।

# कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न की रोकथाम कार्यशाला का आयोजन

**समाचार गेट/सुमित गोयल**

**बल्लभगढ.।** अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में दिनांक 21 मार्च 2025 को आंतरिक शिकायत समिति के तत्वाधान में कार्यशाला का आयोजन महाविद्यालय प्रधान देवेंद्र कुमार गुप्ता, महासचिव दिनेश कुमार गुप्ता एवं प्राचार्य डॉ. संजीव कुमार गुप्ता के कुशल नेतृत्व में किया गया। परिसर में सुरक्षित और सम्मानजनक माहौल को बढ़ावा देने के लिए कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न की रोकथाम (POSH) अधिनियम, 2013 पर ध्यान केंद्रित करते हुए POSH जागरूकता प्रशिक्षण कार्यशाला का सफलतापूर्वक आयोजन किया। कार्यशाला का उद्देश्य संकाय और कर्मचारियों को उनके अधिकारों, जिम्मेदारियों और उच्च शिक्षा संस्थान में यौन उत्पीड़न से निपटने के तंत्र के बारे में शिक्षित करना था।



प्राचार्य जी ने अपने वक्तव्य में बताया कि कार्यशाला का उद्देश्य POSH अधिनियम के प्रावधानों और शैक्षणिक संस्थानों में इसकी प्रयोज्यता के बारे में जागरूकता बढ़ाना, शिकायतों से निपटने में आंतरिक शिकायत समिति (ICC) की भूमिका पर प्रकाश डालना और एक सुरक्षित, समावेशी और लिंग–संवेदनशील परिसर वातावरण के निर्माण को प्रोत्साहित करना था।

कार्यशाला का समापन आंतरिक शिकायत समिति की अध्यक्षा डॉ. शोभना गोयल के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। कार्यशाला को सफल बनाने में आंतरिक शिकायत समिति के सदस्य डॉ. डिंपल गोयल, डॉ. पूजा सैनी व श्री सुभाष विद्यार्थी सदस्य में चंचल व भविष्य का विशेष योगदान रहा। कार्यशाला से 76 विद्यार्थी लाभानवित हुए।

फ्री होम डिलीवरी, अखबार की कटिंग साथ लाने पर 10 प्रतिशत की छूट संपर्क करें: 9811153271







| कैटेगरी | दवाइंडिया की कीमतें | दवाई की मार्केट में औसतन कीमत | बचत (प्रतिशत) |
|---|---|---|---|
| बीपी एवं हार्ट | ₹ 20 (10 Tab) | ₹ 67 (10 Tab) | 70% |
| एंटी-डायबिटीज | ₹ 30 (15 Tab) | ₹ 204 (15 Tab) | 85% |
| मल्टीविटामिन | ₹ 50 (15 Tab) | ₹ 110 (15 Tab) | 54% |
| नेफ्रो | ₹ 33 (10 Tab) | ₹ 347 (10 Tab) | 90% |
| डर्मा | ₹ 45 (04 Tab) | ₹ 99 (04 Tab) | 54% |
| पेन रिलीफ मेडिसिन | ₹ 35 (10 Tab) | ₹ 130 (10 Tab) | 73% |
| एंटी-कोल्ड / एलर्जी | ₹ 27 (10 Tab) | ₹ 226 (10 Tab) | 88% |
| एंटासिड | ₹ 25 (10 Tab) | ₹ 140 (10 Tab) | 82% |



